प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in





बांग्लादेश में "जमात" की करारी हार से अमेरिका और पाकिस्तान को लगा झटका पेज- 2

श्रीराम सनेही में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ पेज-6



वर्ष : 15 अंक : 58 | सोमवार 16 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया


# महाशिवरात्रि पर उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी समेत राहुल गाँधी ने दी बधाई

## सीएम योगी ने संगम स्नान में पहुचे श्रद्धालुओं का किया अभिनंदन

(एजेंसी) नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, सभी देशवासियों को भक्ति, शक्ति और भगवान भोलेनाथ को समर्पित पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, काशी से रामेश्वरम् तक, महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व भारत की अखंड और शाश्वत आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। महादेव और माता पार्वती की कृपा से हम सभी को सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो–यही मंगलकामना है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों को महाशिवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि आदिदेव महादेव सदैव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सबका कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष समृद्धि के शिखर पर विराजमान हो। हर हर महादेव। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवाधिदेव महादेव की उपासना को समर्पित पावन पर्व श्महाशिवरात्रिश के अवसर पर प्रदेशवासियों और तीर्थराज प्रयाग में स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज तीर्थराज प्रयाग की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने



के लिये पधारे सभी पूज्य साधु–संतों, धर्माचार्यों, कल्पवास के लिए आए साधकों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन है। उन्होंने प्रार्थना की कि देवाधिदेव महादेव एवं पुण्य प्रदायिनी मां गंगा की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे। साधकों की साधना सफल हो तथा श्रद्धालुओं के मनोरथ पूर्ण हों। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश का समापन हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। गौरतलब है कि प्रयागराज में महाशिवरात्रि के अवसर पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पवित्र संगम में स्नान करने वालों का तांता लगा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रविवार सुबह से ही संगम नोज पर स्नान करने के लिए पहुंचने लगे थे। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पवित्र संगम की रेती पर लगे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक सालाना मेले का रविवार को 44वां और अंतिम दिन है। माघ मेले के छठवें और आखिरी स्नान पर्व यानी महाशिवरात्रि पर रविवार को त्रिवेणी संगम में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पुलिस, पीएसी और आरएएफ को तैनात किया गया है। वहीं एटीएस के कमांडो भी मेले में चप्पे पर नजर रख रहे हैं। मेले की सुरक्षा मे 400 सीसीटीवी कैमरों से कराई जा रही है। इसमें डेढ़ सौ से ज्यादा एआई कैमरे भी लगाए गए हैं। आज करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान करने की उम्मीद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने महाशिवरात्रि पर्व पर आज देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और सबकी समृद्धि की मंगल कामना की है। खरगे ने अपने संदेश में कहा, समस्त देशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद सभी पर बना रहे, आपके जीवन में सुख, समृद्धि, प्रगति और आनंद का प्रकाश फैलता रहे, यही मेरी मंगलकामना है। गांधी ने कहा सभी देशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। शिव शक्ति की कृपा से आपके जीवन में हमेशा सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। हर हर महादेव। वाड्रा ने महामृत्युंजय मंत्र का पद उदधृत करते हुए कहा, ओमः त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिम पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्। सभी देशवासियों को पावन पर्व महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ आप सबके जीवन में सुख–समृद्धि का संचार करें। हर हर महादेव। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भगवान भोलेनाथ की आराधना के पावन पर्व महाशिवरात्रि की समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव के आशीर्वाद से यह पावन पर्व आपके जीवन में सकारात्मकता और आत्मिक आभा लेकर आए, यही कामना है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आप सभी देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उप्र इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने श्एक्सश पर एक पोस्ट में कहा, आप सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। पोस्ट में कहा, महाशिवरात्रि का यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में सकारात्मकता और ढेरों खुशियां लाए, देवाधिदेव महादेव से यही मंगलकामना है। हर हर महादेव। सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्सशपर पोस्ट में इटावा के केदारेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों द्वारा पूजा–अर्चना का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, यहां बसता है विश्वास, बरसता है आशीर्वाद,,सर्व मंगल–सर्व कल्याण की कामनाओं के साथ महाशिवरात्रि की महा– शुभकामनाएं। कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री अजय राय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, समस्त देशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव, सत्य स्वरूप भगवान शिव सबका कल्याण करें। हर हर महादेव।

# साइकिल पर सवार हुए नसीमुद्दीन सिद्दीकी, तो बोले अखिलेश यादव, बहुजन समाज और सपा के बीच मजबूत हो रहे संबंध

(एजेंसी) लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि बहुजन समाज और सपा के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं तथा भविष्य में और भी गहरे होंगे। वह पूर्व मंत्री



नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत विभिन्न दलों के 15,000 से अधिक सदस्यों के सपा में शामिल होने के मौके पर बोल रहे थे। अपने संबोधन में अकिलेश यादव ने इसे पीडीए का प्रेम प्रसार समारोह बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम लोगों के बीच भाईचारा तथा आपसी सहयोग को मजबूत करेगा। अखिलेश यादव ने 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों समुदाय को साधने के लिए पीडीए शब्द गढ़ा था। उन्होंने कहा, शांति और प्रगति पीडीए की नींव पर टिकी है। सामाजिक एकता सकारात्मक और प्रगतिशील राजनीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है और इसीलिए हमने इसे पीडीए नाम दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पारंपरिक होली समारोहों से पहले पीडीए होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है। सपा में शामिल होने वालों में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के अलावा अपना दल (सोनेलाल) के पूर्व विधायक राजकुमार पाल भी शामिल हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के वरिष्ठ नेता और मायावती के करीबी रहे सिद्दीकी 2017 में बसपा से निष्कासित होने से पहले मायावती की सरकार में चार बार मंत्री रह चुके थे। बाद में वह कांग्रेस में शामिल हुए और हाल में उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया। अखिलेश यादव ने कहा कि यह गठबंधन महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे पीडीए की संभावनाएं और मजबूत होंगी। विपक्ष की एकता के पिछले प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर और राम मनोहर लोहिया ने एक बार राजनीति को नयी दिशा देने के लिए मिलकर काम करने का प्रयास किया था, लेकिन परिस्थितियों और राजनीतिक माहौल ने उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया। उन्होंने कहा, गठबंधन बने और बाद में टूट गए, लेकिन हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में हम मिलकर उस संघर्ष को और मजबूत करेंगे। सपा और बसपा ने 1993 में विधानसभा चुनाव के पहले गठबंधन किया था और उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनी। हालांकि, जून 1995 में यह गठबंधन टूट गया और फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मायावती नीत बसपा सरकार बनी। इसके बाद, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले बसपा और सपा ने उत्तर प्रदेश में फिर गठबंधन किया था, लेकिन चुनाव के बाद यह गठबंधन टूट गया। परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए यादव ने शंकराचार्य का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि सपा उनके साथ खड़ी है। प्रयागराज में माघ मेले के दौरान जिला प्रशासन और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बीच हुए विवाद पर विधानसभा में अपने हालिया संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि शंकराचार्य की उपाधि का उपयोग हर कोई नहीं कर सकता। योगी ने इस बात पर बल दिया कि धार्मिक आयोजनों के दौरान धार्मिक मर्यादा और कानून का पालन किया जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने किसी का नाम लिए बिना कहा, पीड़ित लोग पीडीए हैं और हम शंकराचार्य जी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि परंपराओं पर सवाल उठाने और दूसरों से प्रमाणपत्र मांगने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# राहुल गांधी को अमित शाह ने दी चुनौती

## कहा- किसी भी मंच पर बहस कर लें, किसने किया किसानों का नुकसान

(एजेंसी) गांधीनगर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का उद्‍घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर जमकर प्रहार किया और यूएस ट्रेड डील पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं कि यूरोपीय यूनियन, इंग्लैंड के साथ एफटीए और अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हित को नुकसान पहुंचाया है। मैं राहुल गांधी को चौलेंज देना चाहता हूं, कोई भी मंच तय कर लीजिए, भाजपा के युवा मोर्चा का अध्यक्ष आकर बहस कर लेगा कि किसानों का नुकसान किसने किया है। उन्होंने कहा कि मैं देश के किसानों से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी झूठ बोल रहे हैं और आपको गुमराह कर रहे हैं। इंग्लैंड और यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफटीए और अमेरिका से हुई ट्रेड डील में पीएम मोदी ने किसानों के हितों की सुरक्षा की है। तीनों समझौतों में डेयरी क्षेत्र को भी पूरी तरह सुरक्षा देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। इसके माध्यम से हमारे कृषि उत्पाद और मत्स्य उत्पादों को दुनिया के बाजार में पहुंचाने का रास्ता भी खोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं फिर से एक बार भारत के मछुआरों, पशुपालकों और किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी आपके हितों के साथ समझौता नहीं किया है, न ही कर सकते हैं, यह असंभव है। यह काम तो मनमोहन सिंह की सरकार ने डंकल प्रस्ताव पर साइन करके किया था। देश की जनता ने 2014 में कांग्रेस को टाटा बाय–बाय कर दिया, पीएम मोदी



आए और उस समझौते को बदल दिया। मनमोहन सरकार ने पूरे विश्व के लिए भारत का कृषि बाजार खोल दिया था। आज पीएम मोदी किसानों की सुरक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने 70 साल में एक बार कर्जमाफी का झुनझुना पकड़ाकर किसानों को गुमराह किया। पीएम मोदी ने 10 साल से 6,000 रुपए प्रति वर्ष देकर किसानों को लोन लेने की नौबत ही न आए, ऐसी व्यवस्था की। कांग्रेस का नेतृत्व हमेशा झूठ बोलकर जनता को गुमराह करता रहा है। कांग्रेस के शहजादे राहुल गांधी संसद में किसानों की बात करते हैं। आपने किसानों का कितना अनाज खरीदा था? 10 साल यूपीए सरकार के और 10 साल मोदी सरकार की तुलना करें तो हमने आपसे 15 गुना अधिक अनाज किसानों का एमएसपी पर खरीदा है।

# गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने लगाया जनता दरबार

## –आमजन समस्यायों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

(एजेंसी) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रविवार को देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि पर आनुष्ठानिक व्यस्तता में भी जनसेवा का अनुष्ठान जारी रखा। जनता दर्शन में आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा ..चिंता मत करें, हर समस्या का समाधान होगा, सबकी भरपूर मदद की जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक.एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का



निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो लोग पात्र हैं और किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया हैए उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। मुख्यमंत्री योगी की एक सुपरिचित पहचान गोसेवक की भी है। जब भी वह गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर होते हैं गोशाला में जाकर गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। रविवार सुबह भी मंदिर की गोशाला में जाकर उन्होंने गोसेवा की। योगी ने गायों और गोवंश को अपने हाथों से रोटी.गुड़ खिलाया। योगी यहां कई गोवंश को उनके लिए रखे नामों से बुलाते हैं। रविवार सुबह उन्होंने एक गोवंश को जब यह कहकर पुकारा ओ भोलू तो श्याम रंग का यह बछड़ा भाव विह्वल होकर योगी की तरफ दौड़ पड़ा। मुख्यमंत्री ने भोलू को खूब दुलारा और उसे अपने हाथों से रोटी.गुड़ खिलाया। मंदिर की गोशाला में जब भी मुख्यमंत्री पहुंचते हैं तो प्रायः एक मोर भी उनके इर्द.गिर्द आ जाता है। मुख्यमंत्री ने मोर को भी दुलारा और अपने हाथों से रोटी के टुकड़े करके उसे खिलाया। रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री की नजर परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने बच्चों को अपने पास बुला लिया, उन पर खूब प्यार लुटाया। उन्होंने बच्चों से उनका नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा। उनसे ठिठोली भी की और फिर स्नेहाशीष से खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने इन सभी बच्चों को अपने हाथ से चॉकलेट भी दी। इस अवसर पर उन्होंने एक बच्चे को गोद में लेकर अन्नप्राशन भी कराया।

# भारत सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र है : मोहन भगवत

(एजेंसी) गोरखपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भगवत ने भारत को सद्भावना और सामाजिक सामंजस्य का वैश्विक केंद्र बताते हुए रविवार को जोर देकर कहा कि देश की सभ्यतागत विचारधारा लेन–देन वाले संबंधों के बजाय एकता और आपसी जुड़ाव की भावना पर आधारित है। आरएसएस के मीडिया प्रकोष्ठ ने यह जानकारी दी। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तारामंडल स्थित बाबा गंभीरनाथ सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज की पहचान परस्पर जुड़ाव से होती है, न कि स्वार्थ से। उन्होंने कहा, कई देशों में रिश्तों को लेन–देन के रूप में देखा जाता है। हमारे देश में मानवीय रिश्ते अपनेपन की भावना पर आधारित हैं। भारत की विविधता पर प्रकाश डालते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा, हम भारत को अपनी माता मानते हैं। वही दिव्य चेतना हम सब में निवास करती है। यही बंधन हमें हमारी भिन्न–भिन्न पहचानों के बावजूद एकजुट रखता है। उन्होंने कहा कि समाज को कायम रखने के लिए केवल कानून लागू करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव भी आवश्यक है। आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि यह उपलब्धि जश्न मनाने का नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का विषय है। उन्होंने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए साल में दो से तीन बार खंड विकास स्तर की बैठकें आयोजित करने का आह्वान किया और समुदायों से जातिगत सरोकारों से परे व्यापक हिंदू समाज के लिए काम करने का आग्रह किया। भागवत ने कहा, समाज को स्वयं कार्रवाई करनी होगी। संघ सहायता करेगा, लेकिन जिम्मेदारी समाज की है।ष उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा स्वार्थहीन भाव से संकट के समय अन्य देशों की सहायता की है। बैठक के दौरान विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। बाद में भागवत ने उनके साथ सामुदायिक भोज में भाग लिया।

# तमिलनाडु में आज से हल्की बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

(एजेंसी)

चेन्नई आरएमसी चेन्नई ने सोमवार को दक्षिणपूर्वी बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना जताई है। मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार, पूर्वी हिंद महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र और उससे सटे दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी में वर्तमान में एक ऊपरी–वायु चक्रवातीय परिसंचरण व्याप्त है। इसके प्रभाव से, लगभग 16 फरवरी के आसपास दक्षिण बंगाल की खाड़ी और उससे सटे हिंद महासागर में एक निम्न दबाव क्षेत्र विकसित होने की आशंका है। इस प्रणाली के बनने से आने वाले दिनों में तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के मौसम पर असर पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि इन क्षेत्रों में 15 से 18 फरवरी तक शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है। हालांकि, 19 और 20 फरवरी को तमिलनाडु में एक या दो स्थानों पर छिटपुट हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि इस समय व्यापक वर्षा की आशंका नहीं है, लेकिन सिस्टम की गति और तीव्रता के आधार पर स्थानीय स्तर पर मौसम में बदलाव हो सकते हैं। अधिकारी बंगाल की खाड़ी में हो रहे घटनाक्रमों पर कड़ी नजर रख रहे हैं और उन्होंने मछुआरों और तटीय निवासियों को अद्यतन पूर्वानुमानों पर नजर रखने की सलाह दी है। इस बीच, तमिलनाडु के कई उत्तरी जिलों में मध्यम दर्जे के कोहरे की स्थिति का पूर्वानुमान लगाया गया है। 16 फरवरी को, चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू में इसी तरह के कोहरे की स्थिति बनी रहने और विल्लुपुरम और कुड्डालोर जिलों तक फैलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि सुबह के शुरुआती घंटों में कोहरे की स्थिति से दृश्यता कम हो सकती है और सड़क परिवहन प्रभावित हो सकता है, खासकर राजमार्गों और उपनगरीय क्षेत्रों में परेशानी हो सकती है। वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि निम्न दबाव प्रणाली की स्थिति में बदलाव के आधार पर आगे की जानकारी जारी की जाएगी। निवासियों को मौसम के पैटर्न में किसी भी महत्वपूर्ण परिवर्तन की समय पर जानकारी के लिए आधिकारिक सलाह का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# सम्पादकीय

## जैश-ए-मोहम्मद ने बदलती अपनी रणनीति

पाकिस्तान समर्थित आंतक संगठन अपनी दहशत फैलाने के लिए अपनी रणनीति में किस हद तक बदलाव कर रहे हैं, उससे संबंधित एक रिपोर्ट सामने आई है। जो निश्चित रूप से भारत के लिए चिंता की बात है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर–ए–तैबा (एलईटी) कट्टरपंथी विचारधाराओं का प्रसार करने के लिए महिला नेटवर्क के माध्यम से अपना प्रभाव बढ़ा रहे हैं। ये संगठन अब महिला आत्मघाती हमलावरों को प्रशिक्षित और तैनात कर रहे हैं। ये आईएसआईएस, बोको हराम, हमास और एलटीटीई जैसे संगठनों जैसा मॉडल बना रहे हैं, जो पहले से ही युद्धक भूमिकाओं में महिलाओं का उपयोग करते हैं।खुफिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि लश्कर जैश की राह पर चलते हुए, एक इस्लामी शिक्षण संस्थान की आड़ में, अपने महिला विंग का विस्तार कर रहा है। जमात–उल–मुमिनात जैश का पहला महिला विंग है, जिसकी स्थापना पिछले साल अक्टूबर में हुई थी। अब लश्कर का महिला विंग तैयबत तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है। जैश का गिरोह धर्म के नाम पर महिलाओं को लुभाने और उन्हें अपने आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल करने की कोशिश करता है। जैश–ए–मोहम्मद के इस गिरोह के एक सर्कुलर में मक्का और मदीना की तस्वीरें हैं और इसमें भावनात्मक सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, जिसका लक्ष्य शिक्षित और शहरी मुस्लिम महिलाएं हैं। गौरतलब है कि तैयबत की इफ़्त सईद के नेतृत्व में 9 फरवरी को लाहौर में आयोजित एक सभा में जिहाद का महिमामंडन और गैर–मुस्लिम विरोधी बयानबाजी देखने को मिली, जो चरमपंथ को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी संगठनों के प्रयासों का उदाहरण है। इस कार्यक्रम में लश्कर के कई कमांडरों की पत्नियां भी शामिल हुईं थी। एक वरिष्ठ सुरक्षा बल अधिकारी ने कहा, कहावत है कि महिलाओं को शिक्षित करने से पूरा समुदाय शिक्षित होता है। इसी तरह, महिलाओं के मन में कट्टरपंथी विचार भरकर चरमपंथ के बीज बोए जाते हैं। यही कारण है कि आतंकी संगठन महिला नेटवर्क में निवेश कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, महिलाओं की भागीदारी एक स्थायी वैचारिक विरासत सुनिश्चित करती है, जिससे चरमपंथ को पकड़ना और भी मुश्किल हो जाता है। हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र की निगरानी रिपोर्ट ने जैश–ए–मोहम्मद की बदलती रणनीति पर प्रकाश डाला है, जिसमें जमात–उल–मुमिनात के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी को संस्थागत रूप दिया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आतंकवादी अभियानों को समर्थन देना है। महिला आतंकवादियों का काम रसद संबंधी सहायता प्रदान करना, सामुदायिक संपर्क स्थापित करना, विचारधारा का प्रसार करना और भर्ती करना है। यह लश्कर और जैश के लिए एक रणनीतिक बदलाव है, जो ऐतिहासिक रूप से पुरुष आतंकवादियों पर निर्भर रहे हैं। पाकिस्तान में इन समूहों की खुली गतिविधियां आतंकवाद विरोधी प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर करती हैं। सुरक्षा विश्लेषक कैप्टन अनिल गौर (सेवानिवृत्त) बताते हैं, कट्टरपंथी विचारधाराओं के प्रचार में महिलाओं की भागीदारी एक जटिलता पैदा करती है, जिससे इनका पता लगाना और इन्हें रोकना और भी मुश्किल हो जाता है। जेएम (श्रमड) भारत में कई हाई–प्रोफाइल हमलों से जुड़ा हुआ है, जिनमें 2001 का संसद हमला और 2019 का पुलवामा आत्मघाती बम हमला शामिल हैं। वहीं, लश्कर ने पहलगाम आतंकी हमले और मुंबई के 26/11 हमले को अंजाम दिया था।



नफीस जाफरी

## लिल्स बगिया में कला प्रतियोगिता व बाल मेले का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। रविवार को लिल्स बगिया स्कूल आषीर्वाद टैलेंट हंट में कला प्रतियोगिता एवं बाल मेला का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। लिल्स बगिया स्कूल की मैनेजर नेहा सिंह एवं शिवाजी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन के निदेशक अतुल सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर मेले का शुभारम्भ किया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विविध रचनात्मक स्टॉल लगाए गए। जिनमें आकर्षक चित्रकला, मॉडल निर्माण, खेल गतिविधियां एवं स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कला प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविष्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग की भावना एवं आत्मनिर्भरता का विकास करना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी एवं उत्.ष्ट प्रयासों के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अभिभावकों एवं अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सफल एवं प्रेरणादायक बना दिया।



# बांग्लादेश में "जमात" की करारी हार से अमेरिका और पाकिस्तान को लगा झटका



गुलफिशा खान

बांग्लादेश में तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएपी ने प्रचंड जीत हासिल कर ली है। पार्टी दो–तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। 2024 के जुलाई विद्रोह में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद का यह पहला चुनाव था और इसके नतीजे का असर पूरे दक्षिण एशिया के सामरिक समीकरण पर होना है। इस नतीजे पर भारत की भी नजर है और नापाक मंसूबे रखने वाले पाकिस्तान की भी। बांग्लादेश में जमात–ए–इस्लामी की करारी हार आज पाकिस्तान को खुद की हार की तरह लग रही होगी क्योंकि वह जमात के कट्टरपंथी नीतियों के भरोसे भारत को घेरने की फिराक में था। बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी, जमात–ए–इस्लामी को मुंह की खानी पड़ी है. 2024 के आंदोलन और शेख हसीना सरकार के पतन के बाद सत्ता की कुर्सी तक जाने का सपना देखने वाली जमात को तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बीएनपी ने मात दी है। जबकि जमात–ए–इस्लामी के गठबंधन की झोली में उसकी आधी सीटें भी नहीं आई है। सवाल है कि जमात–ए–इस्लामी की हार क्यों हुई। चलिए इस आलेख के माध्यम से यह समझने की कोशिश करते हैं। जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन ने शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग की सरकार गिरा दी। उसके बाद जमात–ए–इस्लामी को शुरुआत में काफी संगठित और मजबूत माना जा रहा था। सड़कों पर हुए प्रदर्शनों में जमात की अहम भूमिका थी। अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर रोक लगने और शेख हसीना के भारत जाने के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक मैदान काफी सीमित हो गया। कई सालों बाद पहली बार जमात हाशिए पर नहीं थी, बल्कि मुख्य राजनीति में दिखने लगी। इस दौरान उसे एक रणनीतिक मौका भी मिला। तारिक रहमान ने चुनावी दौड़ में देर से एंट्री मारी। वो 25 दिसंबर 2025 को 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे थे और चुनाव में 2 महीने से भी कम का वक्त था। इस देरी का फायदा कुछ समय तक जमात को मिला, खासकर उन इलाकों में जहां बीएनपी का संगठन अभी पूरी तरह सक्रिय नहीं हुआ था। लेकिन यह बढ़त ज्यादा समय तक नहीं रही। जैसे–जैसे चुनाव प्रचार तेज हुआ, जिन मतदाता समूहों से जमात को उम्मीद थी, वे दूसरी ओर चले गए। कई युवा मतदाता, जिन्होंने जुलाई के आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई थी, उन्होंने जमात की बजाय





बड़ी संख्या में बीएनपी को वोट दिया। महिला मतदाता भी उस संख्या में जमात के साथ नहीं आईं, जैसी पार्टी को उम्मीद थी। हिंदुओं सहित अल्पसंख्यक समुदायों ने भी बीएनपी का समर्थन किया क्योंकि जमात कट्टरपंथी राजनीति करती है। सबसे अहम बात यह रही कि जो अवामी लीग समर्थक चुनाव में हिस्सा लेने आए, वे जमात की ओर नहीं गए. उन्होंने भी बीएनपी को ही चुना। जब जमात का चुनाव अभियान चल रहा था, तभी द वॉशिंगटन पोस्ट में खबर आई कि अमेरिकी राजनयिक (डिप्लोमैट) जमात से संपर्क बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। अखबार ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग का हवाला दिया और कहा कि यह संपर्क चुपचाप किया जा रहा था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि एक अमेरिकी राजनयिक ने इस चिंता को कम करके दिखाया कि जमात इस्लामी क़ानून की अपनी सख्त व्याख्या लागू करेगी। इस रिपोर्ट के बाद चुनावी माहौल का रुख बदल गया। बीएनपी के वरिष्ठ नेता और महासचिव मिर्ज़ा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने ठाकुरगांव में एक चुनावी रैली के दौरान आरोप लगाया कि जमात और अमेरिका के बीच कोई सीक्रेट डील हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी समझौता बांग्लादेश की शांति, स्थिरता और संप्रभुता के लिए खतरा हो सकता है। जमात ने किसी औपचारिक समझौते की पुष्टि नहीं की, लेकिन विदेशी राजनयिकों से बातचीत जारी रखी। पार्टी ने कहा कि उसने चुनाव से पहले सामान्य कूटनीतिक बैठकें की हैं। पश्चिमी राजनयिकों से मुलाकात के बाद जमात ने बयान जारी कर कहा कि बातचीत दोस्ताना माहौल में हुई और इसमें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव पर चर्चा हुई। ढाका में फ्रांस के राजदूत ज्यां–मार्क सेरे–शार्ले ने भी अपने सहयोगियों के साथ जमात प्रमुख शफीकुर रहमान से पार्टी कार्यालय में मुलाकात की। जमात ने बताया कि इस बैठक में भी आने वाले चुनाव और आपसी सहयोग पर चर्चा हुई। जमात–ए–इस्लामी की स्थापना 1941 में इस्लामी विद्वान सैयद अबुल आला मौदूदी ने की थी। 1971 की आजादी की जंग के दौरान जमात ने बांग्लादेश की आजादी का विरोध किया और पश्चिमी पाकिस्तान का साथ दिया था। पार्टी के नेताओं पर रजाकार, अल–बद्र और अल–शम्स जैसे अर्धसैनिक समूह बनाने के आरोप लगे, जिन पर हज़ारों नागरिकों की हत्या, बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ बलात्कार और हिंदू समुदाय को निशाना बनाने के आरोप हैं। आजादी के बाद 1972 में धर्म के राजनीतिक इस्तेमाल के कारण जमात पर बैन लगा दिया गया। 1979 में यह बैन हटा। जमात कट्टरपंथी पार्टी है, इस इमेज ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। जुलाई 2024 के आंदोलन के बाद जमात ने खुद को फिर से संगठित किया, औपचारिक राजनीति में वापसी की और खुद को आंदोलन समर्थक और फासीवाद विरोधी बताना शुरू किया। पार्टी ने अल्पसंख्यक अधिकारों की बात की, पहली बार एक हिंदू उम्मीदवार उतारा और शरीया कानून पर सार्वजनिक बयान नरम किए। चुनावी भाषणों में शफीकुर रहमान ने कहा कि महिलाएं और पुरुष मिलकर कल का बांग्लादेश बनाएंगे। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ हिंसा को बर्दाश्त न करने की बात कही और कहा कि न्याय व्यवस्था मजबूत होने के बाद भ्रष्टाचार, आतंकवाद, हत्या, बलात्कार और लूटपाट नहीं चलेगी। उन्होंने भेदभाव से मुक्त और न्याय आधारित बांग्लादेश की बात कही और जमात के नेतृत्व वाले 10 दलों के गठबंधन को समर्थन देने की अपील की। लेकिन सच्चाई तो यह थी कि वो अभी भी शरीया आधारित कानूनों की वकालत करती थी। महिलाओं के अधिकारों के विरोध का उसका पुराना रिकॉर्ड है और उसने एक भी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया था। उसके छात्र संगठन पर हिंसा के आरोप हैं। अल्पसंख्यकों की अपनी चिंताएं हैं और और उसके नेताओं पर वित्तीय गड़बड़ी के आरोप हैं। चाहकर भी जमान इस नैरेटिव से बाहर नहीं निकल पाया कि वो कल का नहीं, कट्टरपंथी नीतियों से चलने वाला अतीत का बांग्लादेश बनाना चाहता है। नतीजा साफ है– जनता ने उसे चुनाव में नकार दिया है।

# नरवणे से ट्रेड डील पर यूं ही नहीं शिट हुई कांग्रेस की राजनीति!



फरीद वारसी

संसद के बजट सत्र के पहले भाग का 13 फरवरी शुक्रवार का दिन आखिरी दिन था। बजट सत्र का दूसरा भाग अब 9 मार्च से लेकर 2 अप्रैल तक होगा। इस सत्र को कई मायनों से याद किया जाएगा। ये सत्र इस वजह से भी खास रहा क्योंकि 1999 के बाद पहली बार रविवार के दिन आम बजट पेश किया गया। यही नहीं यह सत्र विपक्ष के हंगामे को लेकर भी याद किया जाएगा। खासकर तब जब विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। भारतीय संसद के इतिहास में यह चौथा मौका होगा है जब लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इसके पहले 1954 में जी वी मावलंकर,1966 में सरदार हुकुम सिंह और 1987 में बलराम जाखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। ये सत्र इसके लिए भी याद किया जाएगा जब प्रधानमंत्री करीब दो दशक बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नहीं बोल पाए। प्रधानमंत्री लोकसभा में नहीं आए बाद में लोकसभा अध्यक्ष ने सदन को बताया कि महिला सांसदों ने उनका रास्ता रोक रखा था और प्रधानमंत्री की जान को खतरा था। विपक्ष के हंगामे की गाज आठ सांसदों पर भी गिरी और उन्हें पूरे बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया। तब से लेकर अंतिम दिन तक ये सांसद संसद भवन परिसर में धरना करते नजर आए। इस सत्र में बजट पर चर्चा हुई सभी सदस्य जो राष्ट्रपति के अभिभाषण पर नहीं बोल पाए थे ने इस बहस में भाग लिया। इसी बीच भारत अमेरिका ट्रेड डील की खबर आ गई,सरकार ने इसे फादर ऑफ द डील की संज्ञा दी और वाणिज्य मंत्री ने सदन में बयान भी दिया मगर विपक्ष की तरफ से राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने सरकार को आड़े हाथों लिया और .षि क्षेत्र को विदेशी बाजार के लिए खोलने का आरोप सरकार पर लगाया। बजट सत्र के पहले भाग का अंतिम कुछ दिन याद रखा जाएगा राहुल गांधी के खिलाफ कई तरह के प्रस्ताव लाने की कोशिश। सबसे पहले कहा गया कि राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाया जाएगा मगर ऐन मौके पर सरकार ने इससे मना कर दिया। हालांकि इसी तरह के प्रस्ताव के बाद 1978 में इंदिरा गांधी की सदस्यता जा चुकी है। फिर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के खिलाफ ठोस प्रस्ताव लाने की कोशिश की मगर उसे सदन में अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। ये सत्र संसद से बाहर हुए एक विवाद के लिए भी याद किया जाएगा। किस्सा ये है कि सदन से निष्कासित सांसद संसद परिसर में धरने पर बैठे थे,वहां से गुजर रहे केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने उनको कहा कि बैठे तो ऐसे हो जैसे कारगिल जीत कर आए हो,तभी वहां राहुल गांधी भी पहुंच गए और बिट्टू को कहा हाउ आर यू मॉय ट्रेटर फ्रेंड। इसी बात पर विवाद हो गया। हालांकि ये विवाद ज्यादा दिन नहीं चला। कुल मिला कर बजट सत्र के पहले भाग का लेखा जोखा निकाला जाए तो आप कह सकते हैं कि जहां राज्यसभा में सुचारू ढंग से सभी मुद्दों पर चर्चा हुई।प्रधानमंत्री भी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर राज्यसभा में ही बेले वहीं लोकसभा कमोबेश हंगामे के भेंट चढ़ गया। एक ही संसद में दो अलग सदन अलग–अलग ढंग से व्यवहार करते हैं।कौन सा सदन कैसे चलेगा यह मुद्दे,सदस्यों और सरकार और विपक्ष के रूख की वजह से चलता है। संसद के बजट सत्र की शुरुआत में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का जिक्र कर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की। लेकिन इस मुद्दे पर हंगामा इतना आगे बढ़ा कि एक हते तक सदन का कामकाज ठप रहा और विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस तक दे दिया। लेकिन दूसरे हते में राहुल गांधी ने अपना फोकस यूएस ट्रेड डील और किसानों पर केंद्रित कर लिया है। कांग्रेस को लगता है राहुल गांधी ने ट्रेड डील में किसान हितों से समझौता करने के मुद्दे पर मोदी सरकार को बैकफुट पर धकेलने में कामयाबी हासिल की है। दरअसल, बजट सत्र के पहले हते में एक तरफ़ राहुल गांधी नरवणे की किताब पर मोदी सरकार को घेरने में लगे थे तो दूसरी तरफ



अमेरिका के साथ ट्रेड डील के एलान के बाद मोदी सरकार का जोश हाई था। लेकिन जैसे ही ट्रेड डील को लेकर संयुक्त बयान आया विपक्ष की बांछे खिल गई। ट्रेड डील के तहत अमेरिकी टैरिफ कम होने को मोदी सरकार बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश कर थी लेकिन विपक्ष ने इसे किसान विरोधी करार दे दिया क्यूंकि संयुक्त बयान में डील अमेरिका की तरफ झुकी नज़र आ रही थी और .षि क्षेत्र से जुड़े आयात खुलने का जिक्र था। हालांकि मोदी सरकार दावा कर रही है इस डील में भारत ने अपने हितों से समझौता नहीं किया है और किसान सुरक्षित हैं। ट्रेड डील को लेकर मोदी सरकार पर हमले का मोर्चा राहुल गांधी ने संभाला। उन्होंने बजट पर चर्चा का पूरा भाषण ट्रेड डील पर केंद्रित कर दिया और आरोप लगाया कि ट्रम्प के दबाव में पीएम मोदी ने सरेंडर कर देश के हितों से समझौता कर लिया। बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संसद में करीब पंद्रह किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और ट्रेड डील के खिलाफ़ देशव्यापी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। इनमें से ज्यादातर किसान नेता .षि क़ानूनों के विरोध में साल भर चले आंदोलन में शामिल थे जब मोदी सरकार को तीनों .षि क़ानून वापस लेने पड़े थे। कांग्रेस को उम्मीद है कि किसानों के मुद्दे पर एक बार फिर मोदी सरकार को बैकफुट पर धकेलने में कामयाब रहेगी। जाहिर है इसको लेकर आने वाले दिनों में किसानों के मुद्दे पर राहुल गांधी मोदी सरकार पर काफ़ी हमलावर रहने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक यूएस ट्रेड डील के खिलाफ़ फ़रवरी के आखिरी हते में राहुल गांधी कुछ किसान पंचायतों में भी हिस्सा लेंगे। वहीं शुरुआती तौर पर देशभर में इस मुद्दे को गरमाने के लिए कांग्रेस अगले हते से प्रेस कांफ्रेंस आदि की तैयारी कर रही है। आने वाले दिनों में पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। तो क्या इन चुनावों में कांग्रेस यूएस ट्रेड डील को बड़ा मुद्दा बनाएगी? कांग्रेस सूत्रों का मानना है कि अगले दो–तीन महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव में यूएस ट्रेड डील का मुद्दा उठेगा जरूर लेकिन वो चुनावी मुद्दा नहीं बन पाएगा क्योंकि असम, बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव के स्थानीय मुद्दे ज्यादा हावी रहेंगे। लेकिन इस मुद्दे पर उसे दूरगामी फायदे की उम्मीद है। यूएस ट्रेड डील के आलोचक किसान संगठनों का दावा है कि इससे मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे के किसानों की आजीविका खतरे में आ जाएगी। इससे महाराष्ट्र, गुजरात मध्यप्रदेश और राजस्थान के किसान प्रभावित होंगे। इन राज्यों में चुनाव में अभी क़रीब दो से तीन साल का समय है। तब तक इस डील का असर जमीन पर साफ़ दिखने लगेगा। कांग्रेस सूत्रों का कहना है पार्टी इस बात को ध्यान में रखकर लंबी रणनीति बना रही है। किसानों के अलावा कांग्रेस ट्रेड डील में डेटा आदि के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरेगी जैसे बजट भाषण में राहुल गांधी ने सवाल उठाए। कांग्रेस सूत्रों का कहना है जनरल नरवणे की किताब का मुद्दा सत्ता पक्ष के विरोध के कारण ज़्यादा चर्चा में आ गया लेकिन इसके बावजूद इसका असर सीमित ही रहना था। लोकसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस एसआईआर, कथित वोट चोरी और मनरेगा की जगह लाए गए जी राम जी क़ानून आदि को मुद्दा बना रही थी लेकिन कुछ भी सियासी तौर पर जोर नहीं पकड़ रहा था। ऐसे यूएस ट्रेड डील के रूप में एक बड़ा मुद्दा हाथ आया है जिससे भाजपा और मोदी सरकार पाए शिकंजा कसा जा सकता है।

# ट्रम्प की ढिठाई, बदले में कुछ नहीं!

पी. चिदम्बरम

यह एक पतंग है.., यह एक चिडिया है.., यह एक हवाई जहाज है। 'यह क्या है?' यह सवाल अमरीका और भारत की सरकारों के 6 फरवरी, 2026 को जारी किए गए ज्वॉइंट स्टेटमैंट के लिए एकदम सही है। ज्वॉइंट स्टेटमैंट ने अनगिनत अटकलों को हवा दी है, और भारत सरकार के विवरण से बचने के तरीके ने शक के बादल हटाने में मदद नहीं की। चूंकि मिस्टर ट्रम्प पत्ते खोल रहे हैं, इसलिए ज्वॉइंट स्टेटमैंट शायद अमरीका के लिए ड्क्षचता की बात न हो, लेकिन भारत के लिए है। जारी किया गया ज्वॉइंट स्टेटमैंट धोखे पर आधारित था। भारतीय बातचीत करने वालों ने 2025 में बार–बार दावा किया कि वे एक द्विपक्षीय ट्रेड एग्रीमैंट (बी.टी.ए.) पर बातचीत कर रहे हैं। कॉमर्स मिनिस्टर ने कई बार कहा कि जल्द ही एक बी.टी.ए. हो जाएगा, असल में, उन्होंने 'साल के आखिर' से पहले कहा था। जैसा कि पता चला, ज्वॉइंट स्टेटमैंट कोई बी.टी.ए. नहीं है, यह कोई अंतरिम एग्रीमैंट भी नहीं है, यह एक अंतरिम एग्रीमैंट के लिए एक फ्रेमवर्क है। हमने पहाड़ हिलाया और हमें चूहा मिला। लेन–देन कहां? ज्वॉइंट स्टेटमैंट जारी होने के बाद, दोनों पक्षों ने दावा किया कि डील रेसिप्रोकल थी। यह दावा पढने वाले की समझ का अपमान है। ज्वॉइंट स्टेटमैंट को सरसरी तौर पर पढने से भी पता चल जाएगा कि यह रेसिप्रोसिटी पर आधारित नहीं है। ज्वॉइंट स्टेटमैंट के टेक्स्ट को ध्यान से देखें (जिसे मैंने नीचे ज्यादातर कॉपी किया है)–जबकि भारत सभी अमरीकी औद्योगिक सामानों और अमरीका के कई तरह के खाने और खेती के प्रोडक्ट्स पर टैरिफ खत्म कर देगा या कम कर देगा, वहीं यूनाइटेड स्टेट्स भारत के ओरिजिनल सामानों पर 18 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगा (2 अप्रैल, 2025 को लगाए गए 25 प्रतिशत से कम), जिसमें टैक्सटाइल और कपड़े, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबड़, ऑर्गेनिक कैमिकल्स, होम डेकोर, कारीगर प्रोडक्ट्स और कुछ मशीनरी शामिल हैं। अमरीका जैनरिक फार्मास्यूटिकल्स, जैम्स और डायमंड्स, और एयरक्राफ्ट पार्ट्स समेत कई तरह के सामानों पर रेसिप्रोकल टैरिफ तभी हटाएगा जब 'इंटरिम एग्रीमैंट सफलतापूर्वक पूरा हो जाएगा'। 0 प्रतिशत बनाम 18 प्रतिशत में रेसिप्रोसिटी कहां है? भारत अमरीकी मैडीकल डिवाइस के ट्रेड में लंबे समय से चली आ रही रुकावटों को दूर करने और अमरीकी आई.सी.टी. सामानों के लिए मार्कीट एक्सैस में देरी करने वाले रिस्ट्रिक्टिव इंपोर्ट लाइसैंसिंग प्रोसीजर को खत्म करने पर सहमत है... भारत अमरीकी फूड और एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स के ट्रेड में लंबे समय से चली आ रही नॉन–टैरिफ रुकावटों को दूर करने पर भी सहमत है। यूनाइटेड स्टेट्स पर कोई मिलती–जुलती ऑब्लिगेशन नहीं है। नॉन–टैरिफ रुकावटों के मामले में, ऑब्लिगेशन और नो ऑब्लिगेशन के बीच रेसिप्रोसिटी कहां है?भारत अगले 5 सालों में 500 बिलियन डॉलर के अमरीकी एनर्जी प्रोडक्ट्स, एयरक्राफ्ट और एयरक्राफ्ट पार्ट्स, कीमती धातुएं, टैक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स और कोकिंग कोल खरीदने का इरादा रखता है। दोनों सरकारें टैक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स में ट्रेड को काफी बढ़ाएंगी – जिसमें ग्राफिक्स प्रोसैसिंग यूनिट्स (जी.पी.यूज) और डाटा सैंटर्स में इस्तेमाल होने वाले दूसरे सामान शामिल हैं। इस पैराग्राफ में बताए गए सभी प्रोडक्ट अमरीकी एक्सपोर्ट सामान हैं, न कि इंडियन सामान, जिन्हें अमरीका खरीदना चाहता है। रेसिप्रोसिटी कहां है? ज्वॉइंट स्टेटमैंट के साथ एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में, मिस्टर ट्रम्प ने इंडिया द्वारा उठाए गए 'महत्वपूर्ण कदमों' का जिक्र किया – इंडिया का रशियन फैडरेशन से सीधे या इनडायरैक्टली तेल इंपोर्ट करना बंद करने का कमिटमैंट, इंडिया का यह रिप्रैजैंटेशन कि वह यूनाइटेड स्टेट्स के एनर्जी प्रोडक्ट्स खरीदेगा और डिफैंस कोऑपरेशन बढ़ाने के लिए अमरीका के साथ इंडिया का फ्रेमवर्क एग्रीमैंट। इसलिए, मिस्टर ट्रम्प ने 6 अगस्त, 2025 को लगाई गई एडिशनल एड वैलोरम रेट ऑफ ड्यूटी (25 प्रतिशत का पीनल टैरिफ) को खत्म करने का फैसला किया। अमरीका से कुछ भी न लेकर भारत से तीन वादे करवाने में रेसिप्रोसिटी कहां है?अगर भारत सीधे या इनडायरैक्टली रशियन फैडरेशन से तेल इंपोर्ट करना फिर से शुरू करता है, तो अमरीकी सरकार और एक्शन लेने पर विचार करेगी, जिसमें शायद भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत का पैनल्टी टैरिफ फिर से लगाना शामिल है। 6 फरवरी, 2026 को तय पूरा फ्रेमवर्क एक मुद्दे पर टिका है–रूसी तेल। अमरीका की धमकी और भारत के झुकने के बीच क्या तालमेल है? 2 अप्रैल, 2025 से पहले, भारतीय सामान पर अमरीकी टैरिफ एम.एन.एफ. दर 3 प्रतिशत पर था। चूंकि भारत के पास बाइलेटरल ट्रेड सरप्लस था, इसलिए मिस्टर ट्रम्प ने अपनी संदिग्ध एमरजैंसी पावर्स का इस्तेमाल किया और 25 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ लगा दिया, जिसे अब घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। कई देशों पर 'रेसिप्रोकल' टैरिफ की लीगैलिटी अमरीकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के लिए रिजर्व है और इसे असंवैधानिक बताकर रद्द किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ, तो भारत को अमरीकी सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया अदा करना होगा, राष्ट्रपति ट्रम्प का नहीं। नतीजा यह होगा कि दोनों देश पहले जैसी स्थिति में लौट जाएंगे, लेकिन अमरीका भारत से कई रियायतें ले लेगा, लेकिन वह कोई रियायत नहीं देगा। कितना अधिक लेन–देन है! ट्रेड एक्सपर्ट, अजय श्रीवास्तव ने बताया है कि स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ 50 प्रतिशत और ऑटो कम्पोनैंट्स पर 25 प्रतिशत रहेगा, लेकिन अमरीका के औद्योगिक सामान, कई खेती के सामान, लाल ज्वार, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स, ऑटोमोबाइल और हाई–एंड मोटरसाइकिलों पर 'भारत बहुत ज्यादा रियायतें दे रहा है'। पहेली यह है कि भारत 5 साल में 500 बिलियन अमरीकी डॉलर में क्या खरीदेगा? इससे अमरीका के साथ भारत का जो थोड़ा ट्रेड सरप्लस है, वह खत्म हो जाएगा। अमरीका के पास कुछ ही सामान हैं जो भारत की इकोनॉमी को मजबूत करने में मदद करेंगे। हमारे पास शायद कोई चारा न बचे, सिवाय इसके कि हम बड़ी मात्रा में महंगे एयरक्राफ्टधमिलिट्री इक्विपमैंट और ज्यादा लैंडेड कॉस्ट पर अमरीकी तेल खरीदें और हमें यह न पता हो कि उनका क्या करें।

## महाशिवरात्रि पर निकली भगवान शिव की पालकी, दधीचि कुंड की परिक्रमा



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मिश्रिख स्थित प्रसिद्ध दधीचि तीर्थ पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दधीचेश्वर नाथ मंदिर से भगवान शिव की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पावन दधीचि कुंड के चारों ओर परिक्रमा करते हुए पुनः दाधिचेश्वर नाथ मंदिर में पहुंची। मंदिर पहुंचने के उपरांत भगवान शिव का विधिवत श्रृंगार एवं भव्य आरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे पूरा तीर्थ परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। यह धार्मिक आयोजन दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष श्रद्धा और परंपरा के अनुसार संपन्न कराया जाता है, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। आयोजन को सफल बनाने में मिश्रिख पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ।

### 84 कोसीय परिक्रमा की तैयारियों को लेकर दधीचि कुंड का प्रशासनिक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो /मिश्रिख, सीतापुर। क्षेत्र में आगामी 84 कोसीय परिक्रमा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज मिश्रिख स्थित प्रसिद्ध दधीचि कुंड का निरीक्षण डॉ. राजा गणपति आर एवं अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा ने तीर्थ परिसर के चारों ओर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग जिलाधिकारी से की। इस पर जिलाधिकारी ने पूरे परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुजारी राहुल शर्मा द्वारा दाधिचेश्वर नाथ मंदिर में विधिवत पूजन–अर्चन भी कराया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद मिश्रिख एसडीएम व लेखपाल को स्पष्ट निर्देश दिए कि तीर्थ परिसर से शीघ्र अवैध कब्जे हटाए जाएं, ताकि परिक्रमा में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर मिश्रिख के एसडीएम, सीओ, कोतवाली प्रभारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन का कहना है कि परिक्रमा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## कार पलटने से दंपति व बच्चे की मृत्यु

न्यूज वाणी ब्यूरो /मैनपुरी। एलाऊ थाना क्षेत्र की घटना अराव बाईपास पर एक तेज रतार कार शनिवार दोपहर डिवाइडर से टकराने के बाद कार दूसरी तरफ जाकर पलट गई हादसे में कर में सवार मैनपुरी के दंपति और उनकी डेढ़ वर्ष इकलौती बेटी की मृत्यु हो गई जबकि साली की हालत गंभीर है। उसका प्राइवेट ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। जिले के थाना क्षेत्र एलाऊ के ग्राम बघिरूआ के निवासी राजेंद्र सिंह किसान हैं उनका इकलौता बेटा 25 वर्षीय वरुण बीएड करने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह यदुवंश नगर मैनपुरी भांमत चौराहा के पास परिवार सहित रहता था। शुक्रवार को वह 23 वर्ष की पत्नी रचना और डेढ़ वर्ष के बेटे आर्यन के साथ अपनी आई ट्वेंटी कार से गमी में शामिल होने मेट्सेना के गांव नगला राधे आए थे। शनिवार दोपहर वरुण पत्नी बेटे और 20 वर्षीय साली मोना के साथ घर जा रही थी। अराव थाना क्षेत्र में बाईपास पर कर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई दूसरी तरफ जा कर पलट गई डिवाइडर से टकराने की बात कर का टायर भी फट गया था। इसके बाद पहुंचे आसपास के लोगों ने कार को सीधा किया उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला। रचना और आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई थी। कार चला रहे वरुण और साली मोना गंभीर रूप से घायल थी। दोनों को एंबुलेंस से सरकारी ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां से उन्हें प्राइवेट ट्रामा सेंटर ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान वरुण ने भी दम तोड़ दिया। मोना की हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर ऋषि कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रतार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद एक बात सामने आई है।

# बालेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी आस्था पर भारी पड़ा वर्दी का रौब

### - अटरिया पुलिस की शर्मनाक करतूत, भगवान के दर पर भक्तों से अभद्रता

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, अटरिया। जनपद के सिधौली कोतवाली क्षेत्र के अटरिया थाना अंतर्गत मिर्जापुर (बेरसापुर) ग्राम स्थित ऐतिहासिक बालेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जहाँ श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ा था, वहीं सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कुछ पुलिस कर्मियों ने अपनी ओछी हरकतों से खाकी को दागदार कर दिया। आस्था के समागम में पहुँचे श्रद्धालुओं के साथ ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर इंद्र नारायण शुक्ल और कांस्टेबल अश्वनी कुमार ने न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि अपनी सत्ता की हनक और पद का अहंकार दिखाते हुए श्रद्धालुओं के साथ जमकर नोक–झोक की। जानकारी के अनुसार गोमती तट पर स्थित इस प्राचीन मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया था। हजारों की संख्या में भक्त गाजे–बाजे और अटूट श्रद्धा के साथ भोलेनाथ के दर्शन करने पहुँचे थे लेकिन मेले में सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे इन पुलिस कर्मियों की नजरों में आम जनमानस की अहमियत शून्य नजर आई। भक्तों का आरोप है कि अनुशासन बनाए रखने के नाम पर दरोगा और सिपाही ने श्रद्धालुओं को अपमानित किया और वर्दी की धौंस दिखाते हुए उनके साथ बदसलूकी की। मेले में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इंद्र नारायण शुक्ल और अश्वनी कुमार (कांस्टेबल) श्रद्धालुओं की मदद करने के बजाय उनसे उलझते नजर आए। श्रद्धा भाव से आए भक्तों को पुलिसिया रौब दिखाकर डराया–धमकाया गया। भीड़ नियंत्रण के नाम पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुँचाई गई। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए और आस्था के केंद्र पर अहंकार का नंगा नाच होने लगे, तो आम जनता न्याय की उम्मीद किससे करे? इन पुलिसकर्मियों ने साबित कर दिया कि इनके लिए वर्दी सेवा का नहीं, बल्कि तानाशाही का प्रतीक है। इस घटना ने स्थानीय



पुलिस की कार्यशैली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ प्रदेश सरकार और उच्चाधिकारी पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील होने का पाठ पढ़ाते हैं, वहीं अटरिया पुलिस के ये मदहोश कारिंदे भक्तों की आस्था को पैरों तले रौंद रहे हैं। मुख्य सवाल जो जनता पूछ रही है क्या पद की गरिमा भूल चुके इन पुलिस कर्मियों पर उच्चाधिकारी कोई ठोस कार्रवाई करेंगे? क्या महाशिवरात्रि जैसे पवित्र पर्व पर भक्तों का अपमान करने वाले इन कर्मियों को लाइन हाजिर किया जाएगा? आखिर कब तक अटरिया पुलिस की इस गुंडागर्दी को बर्दाश्त किया जाएगा? स्थानीय जनता और श्रद्धालुओं में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। अब देखना यह है कि सीतापुर पुलिस विभाग के आला अधिकारी इन अहंकारी पुलिसकर्मियों पर डंडा चलाते हैं या फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। बालेश्वर महादेव के दरबार में भक्तों का अपमान करने वाले इन वर्दीधारियों पर सख्त कार्रवाई ही जनता के खोए हुए विश्वास को बहाल कर सकती है।

## शोएब गाजी बने एआईएमआईएम के यूथ प्रदेश सचिव




न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूती देने के लिए अपनी युवा विंग में बड़ा फेरबदल किया है। लखीमपुर खीरी में पार्टी के मजबूत स्तंभ माने जाने वाले पूर्व यूथ जिलाध्यक्ष शोएब गाजी को उनकी सक्रियता और निष्ठा का इनाम देते हुए अब यूथ विंग का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ नेतृत्व ने जताया भरोसा यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एआईएमआईएम के सेंट्रल प्रदेश अध्यक्ष शेख ताहिर सिद्दीकी और सेंट्रल जोन प्रदेश उपाध्यक्ष उस्मान सिद्दीकी की संस्तुति पर दी गई है। प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि शोएब गाजी के अनुभव और युवाओं के बीच उनकी पकड़ से आगामी समय में संगठन को मध्य उत्तर प्रदेश (सेंट्रल जोन) में नई ऊर्जा मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए शोएब गाजी ने केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूँगा। मेरा मुख्य उद्देश्य युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना और मजलूमों की आवाज को बुलंद करना है। समर्थकों ने मनाया जश्न जैसे ही शोएब गाजी के प्रदेश सचिव बनने की खबर लखीमपुर पहुंची, कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। स्थानीय नेताओं का कहना है कि इस नियुक्ति से न केवल जिला स्तर पर बल्कि पूरे प्रदेश में यूथ विंग को मजबूती मिलेगी।

## अज्ञात वाहन के कट लगने से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो /मैनपुरी। थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव ककरेटा निवासी भूपेंद्र कुमार अपनी पत्नी अंजलि के साथ मोटरसाइकिल से अपने साढू के गांव लल्लूपुरा से अपने घर आ रहे थे। तभी कुसमरा मैनपुरी मार्ग स्थित कछपुरा के समीप एक अज्ञात बाइक सवार ने भूपेंद्र की बाइक में कट मार दिया। भूपेंद्र की बाइक कट लगने से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। बाइक सवार दंपत्ति बेटा सहित सड़क पर गिर गए। जिससे उनकी पत्नी अंजलि के सिर में गंभीर चोट लग गयी। घायल दंपति को उपचार के लिए जिला अस्पताल मैनपुरी भिजवाया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत्य घोषित कर दिया। दुर्घटना में भूपेंद्र और उनका बेटा हर्षित बाल बाल बच गए। मृतका अंजलि का मायका जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही गांव व परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद उनके शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

## ढकरई में गली में आया मगरमच्छ, लोगों में मचा हड़कंप

### – वन विभाग टीम ने पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो /घिरोर। शनिवार की रात्रि में एक मगरमच्छ तालाब से गांव मे आ गया तभी गांव में भगदड़ मच गई मगरमच्छ को देखकर गाली मे बधे जानवर भी चिल्लाने लगे तथा कुत्ते भी चिल्ला रहे थे। तभी ग्रामवासी विमल कुमार यादव ने उठकर देखा तो मगरमच्छ बैठा हुआ था। उन्होंने फोन कर 112 पर मगरमच्छ होने की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा और वन विभाग के कर्मचारियों को अवगत कराया। तब तक मगरमच्छ को ग्रामीण लोग घेराबंदी कर रखे हुए थे। तत्काल वन बिभाग टीम में सुशील तिवारी, अशोक कुमार, मुकेश यादव ने मौके पर पहुँच कर मगरमच्छ पर काबू पाया। मगरमच्छ काफी बड़ा होने के कारण वन विभाग के कर्मचारियों ने ट्रैक्टर में ले गए।

# किसान सम्मेलन आयोजित, विदेशी कृषि उत्पादों के खिलाफ मुखर हुआ मंच

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मिश्रिख तहसील क्षेत्र में राष्ट्रीय किसान मंच के तत्वावधान में एक किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों के हितों से जुड़े अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में खेती का वास्तविक लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है, बल्कि बड़े उद्योगपतियों को इसका अधिक फायदा मिल रहा है। साथ ही खेती योग्य भूमि लगातार घटने से ग्रामीण युवाओं के सामने रोजगार का संकट और गहराता जा रहा है। प्रदेश प्रभारी मोहित मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भारतीय बाजार में अमेरिकी अनाज, फल और सब्जियों को बिना टैक्स प्रवेश की अनुमति दी गई, तो देश के किसानों की फसलें उचित मूल्य पर नहीं बिक पाएंगी। इससे किसानों को आर्थिक तंगी और भुखमरी जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय किसान मंच इसके खिलाफ संघर्ष करेगा और किसी भी हालत में विदेशी .षि उत्पादों के खुले बाजार का विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन तहसील अध्यक्ष अमरीश कनौजिया के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर तहसील मिश्रिख कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन में ज्ञानेंद्र सिंह, रोहित राजवंशी, रामस्वरूप राजवंशी, भारतेंदु मिश्र, राजन मिश्रा, जगदीश राठौर, परीक्षित सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कमलेश सिंह, मणिकांत कनौजिया, रामगोपाल कनौजिया, रमेश सिंह, राकेश कटियार, सर्वेश राजवंशी प्रधान, केके मिश्रा पूर्व प्रधान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इसके अलावा कई गांवों के किसानों ने राष्ट्रीय किसान मंच की सदस्यता भी ग्रहण की। मिर्जा अख्तर बेग और मिर्जा नईम बेग भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहे। सम्मेलन के अंत में वक्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि ऐसी .षि नीतियां बनाई जाएं जो किसान को मजबूत करें, न कि उसे बाजार की मार के हवाले छोड़ दें। किसानों ने खेती बचाने और गांवों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए संगठित संघर्ष का संकल्प भी लिया।



## महाशिवरात्रि पर एसडीएम ने स्वयं संभाली कमान



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर तहसील नानपारा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तहसील प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं विभिन्न शिव मंदिरों एवं संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसडीएम श्रीमती जौहरी ने प्रातः काल से ही क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों, जलाभिषेक स्थलों एवं मेले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस व राजस्व टीमों को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ–सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने पूरे दिन सक्रिय रहकर पर्व को सकुशल संपन्न कराया। प्रशासन की सतर्कता एवं समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# बीच सड़क गन्ना ठीक कर रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत




न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। जिले के खैराबाद थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शनिवार देर रात भगवानपुर गांव के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक अपनी गन्ने की ट्रॉली को सड़क किनारे खड़ी कर उस पर लदे गन्ने को व्यवस्थित कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार सर्वेश और चंदन सिंह अपनी गन्ना भरी ट्रॉली लेकर भगवानपुर स्थित गन्ना सेंटर जा रहे थे। रास्ते में ट्रॉली से गन्ना बाहर निकलने या ढीला होने के कारण दोनों युवक नीचे उतरकर उसे ठीक करने लगे। इसी बीच, रात के सन्नाटे को चीरते हुए आए एक तेज रतार अज्ञात वाहन ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक वाहन और ट्रॉली के बीच बुरी तरह कुचल गए। मृतकों की पहचान सर्वेश (पुत्र नंदकिशोर) निवासी बद्रीपुरवा, थाना खैराबाद, चंदन सिंह (पुत्र फखीरे सिंह) निवासी धरैचा थाना खैराबाद। पुलिस की कार्रवाई और जांच हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लहूलुहान हालत में दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें ब्रॉट डेड (मृत) घोषित कर दिया। हादसा संभवतः रात के अंधेरे और कम .श्यता के कारण हुआ है। अज्ञात वाहन की रतार बहुत तेज थी। हम आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं ताकि आरोपी चालक को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जा सके। अनिल सिंह, प्रभारी निरीक्षक गांव में पसरा मातम जैसे ही युवकों की मौत की खबर उनके गांव बद्रीपुरवा और धरैचा पहुंची, वहां कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार चालक को जल्द गिरतार किया जाए और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। सावधानी जरूरीरू यह हादसा हमें याद दिलाता है कि रात के समय हाईवे या मुख्य सड़कों पर वाहन रोककर काम करना कितना खतरनाक हो सकता है। हमेशा रिलेक्टर या इंडिकेटर का प्रयोग करें ताकि दूर से आ रहे वाहनों को आपकी मौजूदगी का पता चल सके।

## रुदौली बाजार में तीन दिन से हो रहा लगातार एक्सीडेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो /जौनपुर। जिले के रुधौली बाजार में तीन दिन से लगातार कोई न कोई एक्सीडेंट हो रहा है कारण ट्रैफिक है। पुलिस बिहार नहीं दे रही है। आने वाला हर व्यक्ति नियम के खिलाफ गाड़ी पार्किंग कर रहा है जिसकी वजह से आए दिन बाजार में लोगों की जान जा रही है पुलिस से सिर्फ पोस्टमार्टम के लिए आती है बाकी ट्रैफिक से उसका कोई मतलब नहीं है इस पर पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन को ध्यान देते हुए रुदौली बाजार में जो की बड़ी बाजार है ट्रैफिक के ऊपर ध्यान देते हुए कम से कम एक सिपाही हमेशा बाजार में उपस्थित रहे जिससे कि ट्रैफिक की स्थिति में पैदा हो लोगों की जान बच सके इस बात को थाना प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक को ध्यान में रखते हुए मामले पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# नौटंकी में पुलिस का तांडव, खाने के बर्तन पलटे

### - थाने में धरने पर बैठे विधायक ज्ञान तिवारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

रामपुर मथुरा, सीतापुर। जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र से पुलिसिया बर्बरता की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। सुरजनपुर गांव में एक मुंडन संस्कार के उत्सव के दौरान पुलिस की कथित पिटाई और बदसलूकी से आक्रोश भड़क उठा है। मामले ने तब तूल पकड़ लिया जब क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ग्रामीणों के समर्थन में रविवार को थाने के भीतर ही धरने पर बैठ गए। शनिवार रात सुरजनपुर निवासी रामशंकर कश्यप के पुत्र का मुंडन संस्कार था। घर में खुशी का माहौल था और नौटंकी का कार्यक्रम चल रहा था। परिजनों का आरोप है कि रात करीब 2 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और कार्यक्रम की अनुमति मांगी। कागजात न होने पर पुलिस ने वहां मौजूद मेहमानों के साथ अभद्रता और मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मियों ने मेहमानों के लिए बना खाना जमीन पर पलट दिया और गृहस्वामी रामशंकर को हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाने में भारी तनाव, विधायक का कड़ा रुख क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर पहले से ही काफी असंतोष था। शनिवार रात की घटना ने आग में घी का काम किया। रविवार दोपहर करीब 12 बजे सेवता विधायक ज्ञान तिवारी लाव–लश्कर के साथ थाने पहुंचे और पुलिस की कार्यशैली के विरोध में परिसर में ही दरी बिछाकर बैठ गए। विधायक के धरने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। भीड़ ने थाना प्रभारी संजय पांडे और सिपाही विनोद यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सिपाही विनोद कुमार यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह क्षेत्र में अवैध वसूली करता है और पूरे थाने की सेटिंग का काम देखता है। ग्रामीणों का कहना है कि थाने में सुनवाई के नाम पर सिर्फ पीड़ितों का उत्पीड़न किया जाता है। प्रशासनिक हलचल धरने की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी बेद प्रकाश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और विधायक को समझाने की कोशिश की। हालांकि, विधायक ज्ञान तिवारी अपने रुख पर अडिग हैं। उनका कहना है कि जब तक दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती और पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। पुलिस का काम सुरक्षा देना है, जनता को प्रताड़ित करना और खाना फेंकना नहीं। खबर लिखे जाने तक विधायक और ग्रामीण थाने पर डटे हुए हैं। पुलिस के उच्च अधिकारी मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# कांग्रेस का हाथ छोड़कर साइकिल पर सवार हुए पूर्व मंत्री



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। नसीमुद्दीन सिद्धकी बसपा सरकार मे पूर्व कैबिनेट मंत्री के साथ सर्वाधिक विभागों वाले कद्दावर मंत्री रहें है। बसपा छोड़कर कांग्रेस का हाथ थामा था लेकिन यथोचित सम्मान और राजनीतिक कद न मिलने से आज महाशिवरात्रि को समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए है। सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता के साथ पार्टी मे नसीमुद्दीन सिद्धकी और अन्य नेताओं को शामिल कर लिया है।

# एएसपी ने बामदेवेश्वर मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। महाशिवरात्रि पर्व .ष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व प्रशिक्षु सहायक पुलिस अधीक्षक श्लोक गौतम के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित बामदेवेश्वर मन्दिर मे भीड़ के .ष्टिगत स्थलीय जायजा लिया गया। इस दौरान मन्दिर परिसर में महिलाओ व पुरुषो की लाइन लगाकर दर्शन करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि श्रद्धालुओं के दर्शन करने एवं आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तत्पश्चात सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया गया व सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को सुगम व सुरक्षित यातायात बनाये रखने के बारे में बताया गया जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। साथ–साथ ड्यूटी पर तैनात समस्त अधिकारी, कर्मचारी को सतर्कता, अनुशासन एवं शालीन व्यवहार बनाए रखने आदि के सम्बन्ध में बताया गया। साथ ही आमजन से अपील की गई कि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# बुंदेलखंड राज्य की वादाखिलाफी के विरोध में निकलेगी जन आक्रोश रथ यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। वनवासी राम चित्रकूट से रामराजा सरकार (ओरछा धाम) तक की बुंदेलखंड राज्य की वादा खिलाफी के विरोध में जन आक्रोश रथयात्रा 16 फरवरी को भगवान कामतानाथ जी के मन्दिर से प्रारम्भ होकर 3.30 बजे कचहरी आएगी जिसके बाद शाम 6 बजे टाउन हॉल पर मशाल यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा रात्रि में विश्राम कर अगले दिन पन्ना के लिए प्रस्थान करेगी। 16 फरवरी से प्रारम्भ होने वाली यात्रा के लिए बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के योद्धाओं का झांसी से चित्रकूट जाते समय बांदा में स्वागत कर चित्रकूट के लिए रवाना किया गया। यात्रा का स्वागत में निम्न लोग उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष कांग्रेस राजेश दीक्षित जिला महासचिव, मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी सोशल मीडिया प्रभारी संतोष द्विवेदी, सभासद इरफान खान, महासचिव शोयब रिजवी, गोलू भाई, रामनरेश, अनुज कुमार, सुनील चौरसिया आदि रहे।

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विश्वविद्यालय में मनाया महाशिवरात्रि पर्व



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विश्वविद्यालय ज्योति भवन केलादेवी स्थित आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काटा व झंडारोहण किया गया। बाबा अमरनाथ की भव्य गुफा भी बनाई गई। जिसमें, शंकर पार्वती व बाबा अमरनाथ के स्वरूप व 12 फिट की शिवलिंग तैयार किए गए और चैतन्य में शिव परिवार भी बनाया गया। जिसके हजारों भक्तों ने दर्शन किए और महापौर कामिनी राठौर, शिकोहाबाद विधायक मुकेश वर्मा ओएनजीसी के अध्यक्ष डॉ. प्रभास्कर रॉय एवं सरिता दीदी ने दीप प्रज्जवलित कर झांकी में सजी शिव की प्रतिमा व शिव परिवार की आरती उतारी। सेंटर संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि वास्तव में परमात्मा शिव ही सच्चे कल्याणकारी हैं। शिव का अर्थ ही होता है कल्याणकारी। परमात्मा के वास्तविक परिचय के बगैर हमें शांति और शक्ति प्राप्त नहीं हो सकती। आज हम सभी इसलिए इकट्ठे हुए हैं ताकि, परमात्मा के वास्तविक स्वरूप को समझें। किसी भी देवता को परमात्मा नहीं कहते हैं। केवल शिव को ही परमात्मा नमः करते हैं। नारी जब परमात्मा शिव से जुडती है तो, शिव शक्ति बन जाती है। परमात्मा ने आकर नारी का सम्मान बढाया है, इसलिए हमें भी महिलाओं का मान बढ़ाना है। अंजना दीदी ने कहा कि, भारत में ही नारी को शक्ति को स्वरूप माना जाता है। जिस कारण केवल भारत में ही परमात्मा का अवतरण होता है। उन्होंने कहा कि, जब नारी शक्ति का अपमान होता है और उसे निम्न माना जाता है, तब उनकी आवाज सुनकर परमात्मा स्वयं अवतरित होते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से नीरज पटेल, दिनेश उपाध्याय, आचार्य ध्रुव कुमार, राकेश गोयल सीए, कमलेश सचदेवा, नीरू अरोरा, राशि विज सेन्टर की बहने व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मंत्रोच्चारण व हवन पूजन के साथ देव प्रतिमाओं व शिवलिंग की हुई प्राण प्रतिष्ठा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। महाशिवरात्रि पर्व पर नगर पंचायत मक्खनपुर वार्ड नंबर 15 स्थित महाकालेश्वर मन्दिर के नवनिर्मित भव्य भवन परिसर में विधि विधान से मंत्रोच्चारण व हवन पूजन के साथ श्री श्री 1008 बालकदास महाराज द्वारा महादेव परिवार की देव प्रतिमाओं सहित शिव लिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसमें मुख्य यजमान दिलीप लोधी व चेयरमैन गीता देवी ने पूर्णाहुति दी। इस दौरान मंदिर में भव्य सजावट की गई और शिव भक्तों ने नेजा चढ़ाते हुए प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। श्रीश्री 1008 बालकदास महाराज एवं मुख्य यजमान दिलीप लोधी बताया कि समस्त शिव भक्तों के सहयोग से महाकालेश्वर मन्दिर का निर्माण और देव प्रतिमाओं व शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शिवलिंग की स्थापना उज्जैन के महाकालेश्वर के अनुसार की गई है तथा, वहां से लाई गई ज्योति, भक्ति भाव से दर्शन करने वाले सभी शिव भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. गणेश शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सहित ब्लॉक प्रमुख किरण देवी, चेयरमैन गीता देवी, सभासद टीटू, सुशील पुजारी, अजय कुमार, हरवीर, जॉनी राजपूत, विजय कुमार, प्रमोद कुमार व अन्य शिव भक्त मौजूद रहे।

# उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम 80 फीसदी तैयार

## - इमर्सिव लर्निंग और इंटैरैक्टिव डिस्प्ले होंगे मुख्य आकर्षण

## - आर्य गुरुकुल म्यूजियम 'वेदों की ओर लौटो' का देगा संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर भारत का आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम अब लगभग तैयार है। नई तकनीक से सुसज्जित यह संग्रहालय अतीत की गौरवगाथा को नए और आकर्षक अंदाज में पेश करेगा, जहां इतिहास केवल पढ़ा नहीं जाएगा, बल्कि महसूस किया जाएगा। ब्रज क्षेत्र की यह महत्वाकांक्षी परियोजना न सिर्फ पर्यटन को नई राष्ट्रीय पहचान देगी, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्.तिक जड़ों से जोड़ने का एक मजबूत माध्यम भी बनेगी। जिले के सिरसागंज में 24.45 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा उत्तर प्रदेश का पहला आर्य गुरुकुल म्यूजियम तेजी से तैयार हो रहा है, जिसका लगभग 80 फीसदी से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है। इसको लेकर पर्यटन एवं संस्.ति मंत्री जयवीर सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान जल्द से जल्द कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। विजुअल स्टोरीटेलिंग में सजेगा आर्य इतिहास इसकी विशेषता पर जानकारी देते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, इस म्यूजियम में इतिहास को इमर्सिव लर्निंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के जरिए दिखाया जाएगा, ताकि हर उम्र का व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। यहां स्थापना और शुरुआती दौर, संस्थापक और स्थानीय नेताओं का योगदान, आजादी की लड़ाई में भूमिका, सिद्धांत और विचारधारा, योग की अहमियत और आज के समय में इसकी जरूरत जैसे जोन बनाए गए हैं। कुल मिलाकर, आर्य गुरुकुल म्यूजियम सांस्.तिक जड़ों से जुड़ने और उनसे प्रेरणा लेने का एक बेहतरीन माध्यम है।



म्यूजियम में ऑडिटोरियम, मल्टीपर्पज हॉल, एम्फीथिएटर, हेलीपैड, फायर फाइटिंग सिस्टम और कई ब्लॉकों का ढांचा तैयार हो गया है और अधिकतर जगहों पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। बाहरी इलेक्ट्रिफिकेशन, ट्यूबवेल, अंडरग्राउंड सम्प और कुछ अन्य कार्य प्रगति पर हैं, जबकि सीसी रोड, हॉर्टिकल्चर, तालाब विकास, लोटिंग मल्टीमीडिया और सीसीटीवी जैसे कुछ काम अभी शुरू होने बाकी हैं। कुल मिलाकर परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है और तय समय में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सत्य, धर्म और सेवा का संदेश देता संग्रहालय इसके अलावा इस म्यूजियम में पाँच पिलरों की सीख भी होगी। जिसमें पहला, ईश्वर ही सच्चे ज्ञान का असली स्रोत है–वह निराकार, अनंत और पूरी सृष्टि का रचयिता है। दूसरा, वेद हमें सही सोच और सही जीवन जीने का मार्ग दिखाते हैं, इसलिए उन्हें समझना और उनके अनुसार चलना हमारी जिम्मेदारी है। तीसरा, हमें हर हाल में सच का साथ देना चाहिए और गलत बातों से दूर रहना चाहिए, ताकि हमारा हर कदम धर्म और ईमानदारी पर टिका हो। चौथा, हमारा उद्देश्य केवल अपनी तरक्की नहीं, बल्कि पूरी मानवता की शारीरिक, मानसिक और सामाजिक उन्नति करना है। और पाँचवां, हमें सभी लोगों के साथ प्रेम, सम्मान और न्याय से व्यवहार करना चाहिए एवं दूसरों की प्रगति में ही अपनी सफलता देखनी चाहिए। पर्यटन एवं संस्.ति मंत्री जयवीर सिंह ने हाल ही में हुई एक बैठक में इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आर्य गुरुकुल म्यूजियम हमारे अतीत की विरासत और भविष्य की संभावनाओं के बीच एक सशक्त माध्यम है। अब सिर्फ आगरा का ताजमहल ही नहीं बल्कि आर्य गुरुकुल म्यूजियम भी वैश्विक स्तर पर नई पहचान कायम करेगा। ब्रज क्षेत्र का यह म्यूजियम केवल इतिहास को संजोने का प्रयास नहीं, बल्कि उस चेतना को फिर से जागृत करने का संकल्प है जिसने समाज को ज्ञान, समानता और राष्ट्रभाव की दिशा दी। आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से हम अपनी सांस्.तिक धरोहर को नई पीढ़ी के दिल और दिमाग से जोड़ रहे हैं, ताकि वे केवल इतिहास को जानें ही नहीं, बल्कि उसे महसूस करें, समझें और उससे प्रेरणा लेकर एक सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। हाल ही में पर्यटन मंत्री ने प्रमुख और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को लेकर अहम समीक्षा बैठक की थी, जिसमें फिरोजाबाद में बन रहे ग्लास म्यूजियम फिरोजाबाद, मैनपुरी के कल्चरल सेंटर, आर्य गुरुकुल म्यूजियम तथा सामौर बाबा मंदिर कॉम्प्लेक्स की प्रगति और विकास योजनाओं का विस्तार से अवलोकन किया गया था। आर्य गुरुकुल म्यूजियम सिर्फ एक भवन नहीं है, बल्कि एक ऐसे आंदोलन की कहानी बताएगा, जिसने भारत में सोच, समाज और देशभक्ति को नई दिशा दी। आर्य समाज ने "वेदों की ओर लौटो" का संदेश देकर लोगों को जागरूक किया और सामाजिक बराबरी, शिक्षा और तर्क की सोच को मजबूत बनाया। यह म्यूजियम आज की पीढ़ी के लिए एक एजुकेशनल हब की तरह काम करेगा, जहां लोग अपने इतिहास और संस्कारों को आसान और दिलचस्प तरीके से समझ सकते हैं।

# महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर गोपूजन कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बड़ोखर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत अछरोड में संचालित अस्थाई गौशाला में गोपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौ माता को गुड़ एवं फल खिलाकर पूजा करके गौ माता का आशीर्वाद लिया विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि आज महाशिवरात्रि का पावन पर्व है। आज हम सब का दायित्व बनता है कि आज हम सब नंदी बाबा एवं गौ माता की पूजा करके ही महाशिवरात्रि का पर्व मनाना चाहिए जो आज ऐसी दुख की घड़ी पर गौ माता गौशालाओं में भूख और इलाज के अभाव में दम तोड़ रही हैं। ऐसी स्थिति को देखते हुए महाशिवरात्रि का पावन पर्व हम सबको गौशाला में जाकर मानना चाहिए क्योंकि आज भगवान भोलेनाथ भी दुखी हैं क्योंकि उनके सेवक नंदी बाबा को दुख है। आज भूख प्यास से मार रहे हैं। आगे महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि लगातार गौशालाओं में गोवंश की संख्या कम मिल रही है जिसके वजह से गोवंशों की मौत हुई है या फिर गौशाला से गोवंश गायब किए गए हैं। जैसा कि बिसंडा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौसड में संचालित गौशाला का है जहां पर अगस्त माह में 400 गोवंश संरक्षित किए गए थे लेकिन वर्तमान में सिर्फ 200 गोवंश मिले हैं। इसका मतलब गोवंश गौशाला में मृत्यु हुई है। फिर गोवंश वहां से गायब किया गया है। आखिरकार ऐसे गौशाला संचालकों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी। जिले के जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई कब होगी जोकि लगातार पशु विभाग की जिम्मेदारी होती है गोवंश की गणना करना और समय–समय पर गोवंश की स्वास्थ्य को लेकर जांच पड़ताल करना लेकिन पशु विभाग इतना ज्यादा लापरवाही हो चुकी है कि क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी कभी भी गौशाला में देखने तक नहीं जाते गोवंशों की संख्या कितनी है पहले कितनी थी अब कितनी है।



# आगरा में राष्ट्रपति व राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेताओं ने किया अश्वनी का सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। आगरा के हरीपर्वत स्तिथ एम डी जैन इंटर कॉलेज के सभागार में विज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रामनाथ गौतम और राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित डॉ निखिल जैन ने जनपद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित होने पर पटका पहनाकर एवं सम्मान प्रतीक प्रदान करके सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टीएलएम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। निखिल जैन ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वह जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक भी हैं और उन्होंने अपने व जिले के विभिन्न विद्यालयों में एक हजार से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां आयोजित की हैं। रामनाथ गौतम ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग से राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होना जनपद के लिए गौरव का क्षण है। अश्वनी कुमार जैन ने रामनाथ गौतम और डॉ निखिल जैन के साथ समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है। उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। इस अवसर पर दयालबाग विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ज्योतिका खरबंदा, डॉ शालिनी, श्रीमती पंकजा मिश्रा, श्रीमती अनु वर्मा, अर्चना, राजकुमार सिंह, गौरव जादौन, शिवम कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।



# 33 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

## - नौ ब्लॉकों के खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। दाऊ दयाल स्टेडियम में खेलो इंडिया के तहत 33 वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा रहे, जबकि अध्यक्षता बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय ने की। जनपद के नौ ब्लॉकों से आए छात्र–छात्राओं ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक असीजा ने कहा कि अपने से बेहतर खिलाड़ी का सम्मान करना सीखें, तभी खेल की असली भावना जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि खेल हमेशा जीतने के लिए खेलना चाहिए, लेकिन अनुशासन और सम्मान के साथ। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। बीएसए आशीष कुमार पांडेय ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं और ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल विधाओं में मुकाबले आयोजित किए गए। विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक



# महाशिवरात्रि पर्व के कृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी

## - पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर में विधि–विधान के साथ किया जलाभिषेक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के .ष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहका व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने महामण्डलेश्वर गिरि जी महाराज से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

# स्टे ऑर्डर के उल्लंघन का आरोप, एफआईआर दर्ज करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र के नई बाजार बाबागंज निवासी मो० असरार ने स्थानीय पुलिस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि न्यायालय के स्थगनादेश के बावजूद विपक्षियों ने 12 फरवरी को विवादित भूमि की दीवार गिराकर लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान किया। प्रार्थी के अनुसार वर्ष 2022 में दायर वाद में सिविल न्यायालय द्वारा 23 अगस्त 2022 को स्थगनादेश पारित किया गया था, जो 6 अप्रैल 2026 तक प्रभावी है। इसके बावजूद कथित रूप से निर्माण सामग्री एकत्र कर अवैध निर्माण का प्रयास किया गया और दीवार ध्वस्त कर दी गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि पूर्व में आईजीआरएस पोर्टल पर सूचना देने के बावजूद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिससे घटना घटित हुई। उन्होंने पुलिस की जवाबदेही तय करते हुए संबंधित आरोपियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# एचटी लाइन पर काम करते झुलसा संविदा लाइनमैन

## – जिंदगी–मौत से जूझ रहा

न्यूज वाणी ब्यूरो /बाबागंज, बहराइच। जनपद के रुपईडीहा क्षेत्र स्थित विद्युत उपकेंद्र सहाबा में तैनात संविदा कर्मी लाइनमैन रंजीत मिश्रा 11 हजार हाईटेंशन लाइन का फाल्ट दुरुस्त करते समय गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद उपकेंद्र परिसर में अफरा–तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि लाइन पर कार्य करने से पूर्व उपकेंद्र से शटडाउन लिया गया था, इसके बावजूद अचानक करंट प्रवाहित हो गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। सहकर्मियों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और वे जिंदगी–मौत से जूझ रहे हैं। घटना को लेकर विभागीय लापरवाही की चर्चा जोरों पर है। स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# समाज सुधारक संतराम बीए की मनाई 139 वीं जयंती



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा प्रजापति के तत्वाधान में शहर के निजामी पैलेस में संतराम बीए की 139 जन्म जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। संतराम वी0 ए समाज सुधारक, लेखक पत्रकार व समाज के महान समाज सुधारक क्रांति के अग्रदूत जाति पात तोड़क मंडल के संस्थापक व अंतर्जातीय विवाह के समर्थक ढोंग और पाखंड के विरोधी आदि उपाधि की ख्याति से सम्मानित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में जगदीश प्रसाद प्रजापति पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने वी0 ए समाज सुधारक के 139 वी जयंती के अवसर पर उनके द्वारा किए गए योगदान को और समाज सुधारक के प्रयासों की सराहना भी की है और उन्हें याद किया गया। इस मौके अमित प्रजापति प्रजापति प्रदेश मुख्य महासचिव, अध्यक्षता प्रोफेसर जल प्रजापति, बी0डी प्रजापति, कार्यक्रम आयोजन सुल्तान प्रजापति युवा जिलाध्यक्ष, संयोजक सुधीर कुमार चक्रवर्ती एडवोकेट युवा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि आरडी प्रजापति पूर्व विधायक चंदला एमपी, कैप्टन संतोष प्रजापति प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश निरंजन चक्रवर्ती दीनदयाल प्रजापति शिवनारायण साहू बलवंत खंगार सिमरन वर्मा सुखलाल बौद्ध, रामसेवक प्रजापति जिलाध्यक्ष बसपा, लल्लू लवलेश, शिवकुमार, हरि सिंह प्रजापति, पीकीं प्रजापति सहित बहुजन समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बहुजन समाज के सभी महापुरुषों को फूल माला व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

# स्टंटबाज युवकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही

## – दो पहिया वाहन को सीज कर किया चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात




नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में आज थाना गिरवां पुलिस दो पहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करने वाले युवको के वाहन को सीज करते हुए चालान किया गया। गौरतलब हो कि सोशल मीडिया पर दो पहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करते हुए कुछ युवको का वीडियो संज्ञान में आया। तत्काल गिरवां पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहन सं0 यूपी–93सीएल/1788 का चालान कर किया गया सीज। साथ ही परिजनो को कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस ने आमजनमानस से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें यह अपने व आमजनमानस के लिए जानलेवा हो सकता है।

# मिशन शक्ति के तहत बलरई पुलिस ने किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत रविवार को बलरई थाना क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। अभियान के दौरान टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य जरूरी सेवाएं शामिल रहीं। साथ ही उन्हें इन नंबरों का आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, छात्रवृत्ति योजना एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना आदि के बारे में जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा हेल्पलाइन नंबरों और योजनाओं की जानकारी अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने का भी संदेश दिया। अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं ने जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया।



# मेडिकल कालेज को एम्स से मिला ईक्यूएएस प्रमाण पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की हेमेटोलॉजी विभाग को एम्स दिल्ली ने ईक्यूएएस प्रमाण पत्र दिया है। जांच में पैथोलॉजी के परिणाम सटीक निकले। मेडिकल कॉलेज के हेमेटोलॉजी (रक्त जांच) विभाग ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की ओर से संचालित एक्सटर्नल क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम (ईक्यूएएस) को सफलतापूर्वक पास कर लिया है। एम्स से जारी रिपोर्ट में मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी लैब के परिणामों को सही बताया है। एम्स दिल्ली की ओर से कुछ आज्ञा सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। इनकी जांच रिपोर्ट विभाग के अधिकारियों ने पोर्टल पर अपलोड की। रिपोर्ट मानक के अनुरूप मिलने पर परिणाम सही बताया। इससे साफ जाहिर है कि मेडिकल कॉलेज की लैब में होने वाली खून की जांच के परिणाम पूरी तरह सटीक हैं। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. तुहीन वशिष्ठ ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बिना किसी त्रुटि के विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। मरीज को रिपोर्ट की सत्यता जानने के लिए निजी लैब से जांच करने की जरूरत नहीं है।

# महिला पर हमला कर कुत्तों के झुंड ने किया घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/अफजलगढ़, बिजनौर। गांव सलावतनगर के खेत में गन्ना छिल रही भज्जावाला निवासी गायत्री देवी (45) वर्ष पत्नी विजयपाल सिंह पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला की चीख सुनकर लोगों ने लाठी–डंडों से कुत्तों को भगाया। घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया है। गायत्री देवी अन्य महिलाओं के साथ सलावतनगर के जंगल में हरभजन सिंह के खेत में गन्ना छीलने गई थी। शाम को करीब साढ़े पांच बजे उसके साथ के अन्य महिला–पुरुष पास में बरसीम काटने चले गए। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने गायत्री देवी को घेर लिया और हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला के चीखने की आवाज पर पास में काम कर रहे लोग दौड़ कर पहुंचे। उन्होंने लाठी–डंडों से कुत्तों को वहां से भगाया। कुत्तों के हमले में महिला के पैर, हाथ, कमर व सिर पर कुत्तों ने काटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। परिजनों ने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने एंटीरेबीज इंजेक्शन लगाकर गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# झगड़े में बुजुर्ग की मौत, हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो /नहटौर, बिजनौर। थाना क्षेत्र के गांव जोगीपुरा में पावर कोल्हू पर काम को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। धक्का–मुक्की के दौरान 65 वर्षीय रमेश पुत्र माहिया की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक और तनाव का माहौल है। परिजनों ने पुलिस के पहुंचने पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार की देर रात गांव जोगीपुरा निवासी प्रशांत पुत्र रमेश सिंह व जितेंद्र पुत्र लाल सिंह के बीच पावर कोल्हू पर काम करने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में धक्का–मुक्की शुरू हो गई। इस दौरान प्रशांत के पिता रमेश सिंह (65) जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां से गंभीर हालत में बिजनौर रेफर कर दिया गया। बिजनौर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। रमेश सिंह की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक व्याप्त हो गया।




# जसवंतनगर के लोधपुर में सजा संत श्री सिद्ध महाराज जी का दरबार

## - गुरु के आशीर्वाद से पूर्ण होती भक्तों की मनोकामनाएं : श्री सिद्ध महाराज
## - दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु, न्यूज वाणी टीम ने की विशेष वार्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। गुरु के चरणों में आशीर्वाद और आध्यात्मिक शक्ति का अद्भुत संगम छिपा होता है, लेकिन उसे प्राप्त करने का सही भाव और तरीका हर कोई नहीं जान पाता। संत महापुरुष अपने भक्तों के प्रति किस प्रकार की दिव्य भावना रखते हैं, यह सामान्य व्यक्ति के लिए समझ पाना आसान नहीं होता। संतों का आशीर्वाद जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है और श्रद्धा व विश्वास के साथ लिया गया आशीर्वाद भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण करने में सहायक बनता है। इसी क्रम में न्यूज वाणी की ब्यूरो टीम जसवंतनगर क्षेत्र के लोधपुर गांव पहुंची, जहां संत श्री सिद्ध महाराज जी का दरबार सजा हुआ था। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरु के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए पहुंचे हुए थे। वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा से ओतप्रोत दिखाई दे रहा था। न्यूज वाणी टीम को संत श्री सिद्ध महाराज जी से वार्ता करने का अवसर प्राप्त हुआ। वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि संत वही बन सकता है, जो स्वयं को ईश्वर का माध्यम बना ले। उन्होंने कहा कि संत का उद्देश्य केवल लोगों को सही मार्ग दिखाना और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना होता है। उन्होंने यह भी बताया कि वह पिछले लगभग 25 से 30 वर्षों से सांसारिक मोह–माया से दूर रहकर ईश्वर की साधना और ध्यान में लीन हैं। दरबार में उपस्थित श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन और श्रद्धा से गुरु का आशीर्वाद लेने पर जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। संत श्री सिद्ध महाराज जी के दरबार में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था और विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। यह आध्यात्मिक .श्य न केवल श्रद्धालुओं के लिए बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायक है, जहां गुरु और शिष्य की परंपरा आज भी जीवंत रूप में दिखाई देती है।



# भाजपा ने सपा सुप्रीमो पर साधा निशाना, बयान को बताया राजनीतिक बौखलाहट

## - 2027 विधानसभा चुनाव में जनता देगी करारा जवाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पार्टी रोहित शाक्य ने अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर की गई व्यक्तिगत टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी समाजवादी पार्टी की राजनीतिक खीझ और बौखलाहट को दर्शाती है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछले लगभग 10 वर्षों से सत्ता से बाहर है, जिसके कारण सपा सुप्रीमो आए दिन अनर्गल और अमर्यादित बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर की गई व्यक्तिगत टिप्पणियों से शाक्य, कुशवाहा, मौर्य एवं सैनी समाज में गहरा आक्रोश है और यह समाज वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अपने वोट के माध्यम से इसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को उपमुख्यमंत्री की चिंता छोड़कर अपनी पार्टी की चिंता करनी चाहिए। भाजपा में केशव प्रसाद मौर्य का कद बहुत बड़ा है और जनता उनके कार्यों से भली–भांति परिचित है। सपा सुप्रीमो की भाषा और व्यवहार उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शाता है। रोहित शाक्य ने आरोप लगाया कि सपा की कार्यशैली गुंडागर्दी, अराजकता और माफिया तत्वों को बढ़ावा देने वाली रही है, जिसके कारण प्रदेश की जनता ने वर्ष 2017 और 2022 में उन्हें सत्ता से बाहर रखा। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता जागरूक है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी को करारा जवाब देगी।



# वार्षिकोत्सव का आयोजन, कैफ खान को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तहसील सेवराई के अंतर्गत दिलदारनगर में कादिन किड्स प्ले स्कूल, शारदा कंप्यूटर इंस्टीट्यूट तथा विजार्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से 9 वाँ वार्षिक उत्सव साही पैलेस दिलदारनगर में अत्यंत भव्य और गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नन्हे–मुन्ने बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और रंगारंग सांस्.तिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत एवं अन्य कलात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। सभी ने बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और उत्साह की भूरि–भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। मोहम्मद कैफ और अली खान को शारदा कंप्यूटर इंस्टीट्यूट एवं विजार्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही रवि, कन्हैया, विशाल एवं अंकित को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में कादिन किड्स प्ले स्कूल के प्रबंधक जितु सर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके कुशल मार्गदर्शन, नेतृत्व और अथक परिश्रम से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल, भव्य एवं यादगार बना। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने आयोजकों की सराहना की तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।




# समाजसेवी विनोद को समाजसेवा के लिए सलाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

जौनपुर। शाहगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बघरवारा गांव के रहने वाले विनोद कुमार यादव जो की पूर्व प्रधान भी रह चुके हैं आए दिन उनके अच्छे कार्यों की पूरी तहसील में यहां तक जिले तक लोग बात करते हैं। विनोद कुमार यादव गांव में ही नहीं पूरी तहसील क्षेत्र में यदि किसी को कोई तकलीफ है तो वह वहां पर हाजिर होते हैं तथा उनकी मदद करते हैं निस्वार्थ मदद करते हैं किसी व्यक्ति से यादव कोई उम्मीद नहीं रखते उनसे जहां तक हो सकता है लोगों के दुख तथा सुख में हमेशा खड़े रहते हैं यदि यादव जी सुख में नहीं पहुंचते हैं दुख में तो हमेशा वह खड़े रहते हैं ऐसी हस्ती को समाज द्वारा याद करना चाहिए तथा विनोद के अच्छे कार्यों को देखते हुए आगे बढ़कर उनका सहयोग करना चाहिए।

# दौड़ में अभिनव व भूमिका सबसे आगे

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शनिवार को नेहरू स्टेडियम में पीएम श्री विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिताएं हुई। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में अभिनव प्रथम, शाद द्वितीय स्थान पर रहे। 50 मीटर बालिका वर्ग में भूमिका प्रथम, विद्या द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में पीएम श्री विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने अनेक सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। तांडव नृत्य व अनेक देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुत नृत्य नाटिकाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपने जौहर दिखाए। सभी प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को बीएसए सचिन कसाना, डीसी इंजीनियर अनुज कुमार शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक अरविंद अहलावत, शिक्षक नेता गुलशन गुप्ता ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन गुलशन गुप्ता व शमीम अहमद ने किया। प्रतियोगिता में जिला व्यायाम शिक्षिका कविता चौधरी, तरनजीत कौर, वंदना चौहान, आसमा सचदेवा, अमित कुमार बालियान, आशीष कुमार, संजीव कुमार, ज्ञान सिंह, विपिन कुमार, प्रिया सिंह, आकाशदीप गुप्ता, मनीषा त्यागी, सनी चौहान, रजत कुमार रस्तोगी आदि का सहयोग रहा।

# सीएम सामूहिक विवाह में कई जोड़ों का विवाह सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

रेहड़, बिजनौर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को 190 जोड़ों का विवाह कराया गया। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने नवयुगलों को सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। ब्लॉक अफजलगढ़ में शनिवार को बादीगढ़ सुआवाला मार्ग स्थित जीविका गार्डन मंडप भगतावाला में विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 145 हिंदू, 42 मुस्लिम एवं तीन सिख जोड़े का विवाह हुआ। गायत्री परिवार के हरिशंकर शर्मा, राजेंद्र सिंह आदि ने वैदिक रीति से हिंदू जोड़ों जबकि कारी तौहीद अहमद ने मुस्लिम जोड़ों को निकाह पढ़ाया। बीडीओ मनवीर सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े में साठ हजार का चेक कन्या के नाम, 25 हजार का आवश्यक घरेलू सामान तथा 15 हजार दोनों पक्षों से आए मेहमानों के खाने पर खर्च किए गए। मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सुशांत सिंह सहित ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर प्रसाद सिंह, भाजपा नेता मलकीत सिंह, एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, एडीओ समाज कल्याण आशीष कुमार, कपिल चौहान आदि ने आशीर्वाद प्रदान कर नवविवाहित जोड़ों के खुशहाल जीवन की कामनाएं कीं।

# पटाखा साइलेंसर वाली बुलेट पर बड़ी कार्रवाई

## – दस्तावेज, डीएल और नंबर प्लेट में खामी मिलने पर वाहन सीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में बुलेट मोटरसाइकिलों के मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह एवं रेलवे रोड चौकी प्रभारी दयानंद पटेल द्वारा चौधरी पेट्रोल पंप के पास चेकिंग के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल को रोका गया, जिसका साइलेंसर पटाखे जैसी तेज आवाज कर रहा था। जांच के दौरान चालक वाहन के वैध प्रपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका, वहीं नंबर प्लेट पर निर्धारित नंबर की जगह नंबरदार लिखा हुआ पाया गया। यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने तत्काल कड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल को सीज कर थाने भिजवा दिया। इस कार्रवाई के बाद वाहन स्वामी को पैदल ही वापस जाना पड़ा। इस चेकिंग अभियान के दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह, रेलवे रोड चौकी प्रभारी दयानंद पटेल के साथ यातायात कांस्टेबल दुर्गेश कुमार, कांस्टेबल मनोज कुमार एवं होमगार्ड आक्रोश कुमार भी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आमजन को असुविधा से बचाया जा सके।



# मनरेगा बचाओ संग्राम का दूसरा चरण शुरू, कांग्रेस ने तेज किया आंदोलन

## – 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव का ऐलान : आशुतोष

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान का दूसरा चरण शुरू करने की घोषणा की गई है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर आंदोलन की आगामी रणनीति की जानकारी दी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आशुतोष दीक्षित ने कहा कि लगभग 20 वर्ष पूर्व यूपीए सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू कर ग्रामीण गरीबों को रोजगार का कानूनी अधिकार दिया गया था, जिससे पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती मिली। उन्होंने कहा कि कोविड–19 महामारी के दौरान मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए जीवन रेखा साबित हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में केंद्र सरकार मनरेगा कानून में बदलाव कर इसके मूल स्वरूप को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस कानून को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है और जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक यह लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पिछले एक महीने से चल रहे अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 5000 से अधिक मनरेगा बचाओ चौपालों का आयोजन किया जा चुका है तथा 13 फरवरी को प्रदेश के सभी 75 जिलों में पद यात्राएं निकाली गईं। इसी क्रम में आंदोलन के दूसरे चरण में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा का घेराव किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। उन्होंने जनपद के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर विधानसभा घेराव में शामिल हों और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करें।



# अवैध तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में विभिन्न थानों में कड़ी कार्रवाई की गई। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा 14 फरवरी को विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए कई अभियुक्तों को गिरतार किया गया। थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 41/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त शेखर कंजड पुत्र संजेश निवासी काशीराम कालोनी जसवंतनगर को गिरतार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर एवं 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। वहीं थाना सिविल लाइन पुलिस ने वारंटी अभियुक्त गणेश पुत्र अशोक शाह निवासी ग्राम सन्हौली, थाना चित्रगुप्त नगर, जनपद खगड़िया, बिहार को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके अलावा थाना चौबिया पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अनूप कुमार पुत्र स्वर्गीय अनिल शर्मा निवासी ग्राम हिद्दपुरा को गिरतार किया गया। इसी क्रम में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत अभियुक्त सर्वेन्द्र कुमार पुत्र श्री.ष्ण निवासी बिचपुरी खेड़ा को गिरतार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी।



# श्रीराम सनेही में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ

## – नवीनतम तकनीक की जर्मन मषीनों से होगा इलाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रविवार को शहर की पहली डायलिसिस यूनिट का श्रीराम सनेही मेमोरियल हॉस्पिटल में भव्य उद्घाटन हुआ। समारोह में एमडीडीएम नेफरोलॉजी एसजीपीजीआई लखनऊ डा० देशराज गुर्जर ने हिस्सा लिया। उन्होने फीता काटकर डायलिसिस यूनिट का शुभारम्भ किया। हास्पिटल के संस्थापक एवं पूर्व सांसद डॉ० अशोक पटेल ने बताया कि अब डायलिसिस के लिए मरीजों को किसी बड़े शहर जाने की आवश्यकता नहीं है। हास्पिटल में विष्व स्तरीय आपातकालीन डायलिसिस, स्लेड डायलिसिस व आईपीडी डायलिसिस की सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध रहेगी। नवीनतम तकनीक की जर्मन डायलिसिस मशीनों और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले डायलाइजर और चिकित्सा सलाह भी उपलब्ध है। इस अवसर पर डा० जवाहर लाल, डा० प्रतीक सिंह पटेल, डा0 प्रमोद कुषवाहा सहित समस्त हास्पिटल स्टाफ एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



# बहुआ ब्लॉक में भगवान शिव परिवार की हुई मूर्ति स्थापना

## - भव्य शोभा यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महाशिवरात्रि के अति पावन अवसर पर जनपद के ब्लॉक बहुआ में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव, माता पार्वती, श्री गणेश और कार्तिकेय सहित पूरे शिव परिवार की मूर्ति स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुई। इस अवसर पर भगवान शिव की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। भगवान शिव की बारात रथ पर विराजित प्रतिमा के साथ पूरे बहुआ नगर में निकाली गई। शोभायात्रा में शिव गणों की वेशभूषा धारण किए कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। गाजे–बाजे और डीजे की धुन पर भक्त झूमते नजर आए। नगर वासियों ने जगह–जगह पुष्प वर्षा कर भोलेनाथ की बारात का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेम प्रकाश गुप्ता और व्यापार मंडल पदाधिकारियों द्वारा हुआ। इस उत्सव में पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता एवं विधायक विकास गुप्ता, बहुआ ब्लॉक प्रधान संघ की अध्यक्ष एवं सुजानपुर प्रधान हेमलता पटेल ने शिरकत की। अध्यक्ष हेमलता पटेल ने न केवल भक्तों के साथ नृत्य कर उत्साह बढ़ाया, बल्कि जनमानस के सुख–समृद्धि की मंगल कामना भी की। इस मौके पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी, स्थानीय दुकानदार और भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भानु, रवि, किशोर, कामता सोनी,सोमप्रकाश, सुमन, दीपक, धर्मेंद्र, नीतू, अतुल द्विवेदी सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। मूर्ति स्थापना के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



# इटेलिका टाइल्स स्टूडियो का हुआ उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ओम इंटर प्राइजेज के बैनर तले सोमानी टाइल्स के अधि.त शोरूम इटेलिका सोमानी टाइल्स स्टूडियो का श्री 1008 रामनारायण दास त्यागी द्वारा विधि बिधान से पूजा अर्चना के पश्चात किया गया। रविवार को शहर के राधानगर निकट पावर हाउस इटेलिका सोमानी टाइल्स स्टूडियो का श्री 1008 राम नारायण दास त्यागी के कर कमलों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रोपाइटर गणेश मिश्रा व परिजनों द्वारा परमपूज्य श्री 1008 राम नारायण दास त्यागी का अंग वस्त्र भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रोपाइटर गणेश मिश्रा ने बताया कि प्रतिष्ठान में सोमानी कम्पनी के आधुनिक टाइल्स जिसमे बेड रूम, हाल, किचन, बाथरूम के लोर टाइल्स एवं वाल टाइल्स के अलावा कमोड, वाश बेसिन, सिंक एवं बाथरूम एसेसीरीज़ व डायनिंग हाल एसेसीरीज़, मॉड्यूलर किचन टाइल्स एव अन्य आदि उपयोगी वस्तुएं व सजावट के वस्तुएं उपलब्ध है बताया कि उनके यहां उचित दाम पर आकर्षक छूट के साथ टाइल्स उपलब्ध है। इस मौके पर विधायक विकास गुप्ता, सभासद विनय तिवारी, दिनेश तिवारी खलीफा, अरुण यादव, ऑपरेशनल हेड रामेश्वर तिवारी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# एआरपी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने राजेन्द्र पटेल

## – आशीष कुमार को चुना गया महामंत्री

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद में एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) संघ की जिला कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को सौहार्दपूर्ण, अनुशासित और गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरी चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक परंपराओं और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई, जिसकी जिम्मेदारी चुनाव अधिकारी आनंद प्रताप यादव और चुनाव पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार निषाद ने संभाली। संघ की एकजुटता और आपसी विष्वास की मिसाल पेश करते हुए सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ, जिसे उपस्थित सदस्यों ने संगठन की मजबूती का प्रतीक बताया। परिणाम घोषित होते ही नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार राजेन्द्र पटेल को अध्यक्ष, आशीष कुमार को महामंत्री, अनुपम चंद्र श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष व संजय सिंह को प्रवक्ता चुना गया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के मानकों पर पूरी तरह खरी उतरी। नवनियुक्त अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ एआरपी साथियों की समस्याओं के समाधान और जनपद को निपुण बनाने के लक्ष्य के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगा। उन्होंने संगठन की एकता को सबसे बड़ी ताकत बताया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे एआरपी साथियों ने फूल–मालाओं से स्वागत कर नई टीम के उज्जवल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और सहयोग का माहौल देखने को मिला, जिसने संगठन की मजबूती और सामूहिक भावना को और मजबूत किया।



# महाशिवरात्रि पर जगह-जगह भंडारों का हुआ आयोजन

## - श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर लगाए जयकारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महाशिवरात्रि के पर्व पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया और भोले षंकर के जयकारे भी लगाएं। शहर के कलक्टरगंज स्थित दि ओक पब्लिक स्कूल परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक रोहिताभ सोलंकी व प्रधानाचार्य करिष्मा सिंह के मार्गदर्षन में हुआ। भंडारे की षुरूआत भगवान षिव की पूजा–अर्चना से हुई। इसके पष्चात श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन को सराहा। प्रबंधक श्री सोलंकी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकता और सेवाभाव को बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्या ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। उधर देवीगंज मुहल्ले में सुशील सिंह कछवाह, राम किशोर यादव, रामशंकर, सोनू गुप्ता, बृजेश गुप्ता, रिंकू यादव और कंचन सिंह आदि सेवादारों ने पूरी जिम्मेदारी के साथ भंडारे का आयोजन किया। भक्तों को पूड़ी–सब्जी, बूंदी और हलवे का स्वादिष्ट प्रसाद वितरित किया।



# संदिग्ध हालत में आग की चपेट में आकर महिला की मौत

## – बहनों पर जलाकर मार डालने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के हरियापुर अपने मायके में रह रही 45 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में आग की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका के पति व पुत्र ने बहनों पर ही जलाकर मार डालने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार औंग थाना क्षेत्र के खदरा गांव निवासी सुषील कुमार की पत्नी संतोश कुमारी अपनी बूढ़ी मां की देखभाल के लिए अपने मायके में बीस सालों से रह रही है। उसका पति गैर प्रांत में नौकरी कर रहा है। बताते हैं कि षनिवार की रात संदिग्ध अवस्था में संतोश कुमारी की जलकर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने षव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पुत्र अभिनव ने बताया कि उसकी मौसी पुत्र व पति ने उसकी मां को मारने–पीटने के बाद आग के हवाले कर दिया। उधर पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण ज्ञात हो सकेगा।

# महाशिवरात्रि पर दलीपुर मोड़ में उमड़ा आस्था का सैलाब

## - विशाल भंडारे व भव्य प्रवेश द्वार का हुआ भूमि पूजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भिटौरा ब्लॉक के ग्राम सभा दलीपुर मोड़ लोधी नगर में भक्ति और विकास का अनूठा संगम देखने को मिला। गौशाला के समीप आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ–साथ ग्राम के सौंदर्यीकरण की नई आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व ग्राम प्रधान (रारा चांदपुर) रामरेखा देवी व उनके पति महेश कुमार लोधी ने किया। दिन की शुरुआत गौशाला में विधिवत हवन–पूजन से हुई, जहां प्रधान प्रतिनिधि महेश लोधी ने गौ–पूजन कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल भंडारे में भक्तों का तांता लगा रहा। विशेष रूप से सिद्धपीठ तांबेष्वर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं ने रुककर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। दलीपुर मोड़ पर एक भव्य प्रवेश द्वार का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। ग्राम विकास अधिकारी सूर्य भान ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि अनुमानित लागत लगभग आठ लाख रुपये है। ग्राम प्रधान रामरेखा देवी ने बताया कि प्रवेश द्वार के निर्माण से गांव की शोभा बढ़ेगी। अब बाहर से आने वाले आगंतुकों को रास्ता पूछने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों दोनों को बड़ी सुविधा होगी। कार्यक्रम के दौरान पूरे गाँव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्राम सभा की समस्त जनता और भक्तों ने भंडारे में बढ़–चढ़कर श्रमदान किया और व्यवस्थाओं को संभाला। स्थानीय निवासियों ने प्रधान परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे गांव के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# ग्राम पंचायत विजयीपुर में मनरेगा वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त मनरेगा से कराए गए कार्यों में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। लोकपाल, मनरेगा की जांच में शिकायतकर्ता प्रियंद्र सिंह द्वारा उठाए गए बिंदुओं की पुष्टि हुई है। जांच के दौरान पाया गया कि बिना सक्षम विभागीय अनुमति के सरकारी भूमि पर कार्य कराए गए और फर्जी दस्तावेज तैयार कर धनराशि का व्यय दर्शाया गया। कुछ मामलों में अपात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने तथा जेसीबी मशीन से कार्य कराए जाने के आरोप भी सही पाए गए। रिपोर्ट में उल्लेख है कि संबंधित कार्यों के मास्टर रोल में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और अन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं मिले। मनरेगा लेखा सहायक और लेखाकार के हस्ताक्षर भी अनुपस्थित पाए गए। कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा बिना सक्षम स्वी.ति के फीडिंग किए जाने की बात भी सामने आई है। लोकपाल ने दोषी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों तथा विकास खंड स्तरीय अधिकारियों के विरुद्ध धनराशि की वसूली और दंडात्मक कार्रवाई की संस्तुति की है। साथ ही संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर प्रशासनिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित कर दिया गया।

# सड़क हादसो में आधा दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के छनहरा गांव निवासी स्व0 सूरज प्रसाद दुबे का 55 वर्षीय पुत्र संतोश दुबे गांव के ही ललित पुत्र बाबूलाल 45 वर्श के साथ बाइक से षहर आ रहा था। जैसे ही वह नरपतपुर के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों घायल हो गए। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के सुकूई गांव निवासी यषवंत का 35 वर्शीय पुत्र सोनेलाल अपने रिष्तेदार राज बाबू पुत्र वंषगोपाल 55 वर्श निवासी सेमरा थाना थरियांव व गाजीपुर थाने के सुकेती गांव निवासी कृश्णपाल पुत्र बैजनाथ 40 वर्श के साथ बाइक से बहबलपुर गांव आ रहे थे। जैसे ही ये लोग हुसैनगंज थाने के गांव के समीप पहुंचे तभी चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गए। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# महाशिवरात्रि : बम भोले के जयकारों से गूंजा सिद्धपीठ ताबेश्वर मंदिर

## - कांवरियों के जत्थों ने चढ़ाया गंगाजल, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

## - सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहा पुलिस बल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष धूमधाम से मनाया गया। जिले के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं का तांता देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर लग गया था। सिद्धपीठ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस ने पुख्ता इंतेजाम किये थे। महिला पुलिस के साथ–साथ पीएसी और पुलिस के जवान सिद्धपीठ परिसर के चप्पे–चप्पे पर मुस्तैद रहे। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम में विराजमान भगवान शिव के दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कांवरियों का जत्था भी बराबर आता रहा और उन्हें शिव दर्शन कराने के लिए मौके पर मौजूद पुलिस महकमे के जवान लगे रहे। दूध, गंगाजल, मेवा, मिष्ठान के साथ फूलों के श्रृंगार से भगवान शिव का पूजा–अर्चना का सिलसिला बराबर जारी रहा। मंदिर परिसर पर भजन–कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को मनाने का पूरा प्रयास किया। अपनी–अपनी मन्नत पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने परिक्रमा भी लगाई। मंदिर के समीप लगे मेले का श्रद्धालुओं ने लुत्फ उठाया। हर वर्ष की भांति फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चर्तुदशी तिथि को मनाए जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व का नजारा बहुत ही अजीबो गरीब रहा। सिद्धपीठ तांबेश्वर धाम समेत अन्य स्थानों में विराजमान शिवलिंगों की पूजा की गई। सिद्धपीठ तांबेश्वर में कुंभ जैसा माहौल रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ अनन्त रही। जिसकी गणना नहीं की जा सकती थी। भगवान शिव के दर्शन के लिए कांवरिया, श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा लगाने वाले भक्तों की भीड़ देर रात से ही सिद्धपीठ के मुख्य द्वार पर जमा होने लगी। महाशिवरात्रि के महापर्व के पूर्व ही पुलिस ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयारियां कर ली थीं। प्रशासनिक तैयारियों के मुताबिक बनाए गए प्वाइंटों में महिला पुलिस कर्मियों के साथ–साथ पीएसी और पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर भगवान शिव के शिवलिंग और मंदिर परिसर से आधा किलोमीटर के दोनों छोरों पर पुलिस की चौक–चौबंद व्यवस्था नजर आई। मंदिर के अंदर दाखिल होने वाले श्रद्धालुओं पर पुलिस की बराबर निगाहें बनी रहीं। श्रद्धालुओं को भी पुलिस के अफसरों ने ज्यादा वक्त नहीं दिया। दर्शन और दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को बाहर करने का सिलसिला जारी रहा। रात तीन बजे से सिद्धपीठ का मुख्य द्वार खुला और देर रात बारह बजे तक श्रद्धालु भगवान शिव को मनाने के लिए गंगाजल के साथ दूध, मेवा, मिष्ठान, दही, बेलपत्र और दही का भोग लगाकर अपनी मनोकामनाएं रखी। वहीं महिला मंडल की ओर से भजन–कीर्तन का भी आयोजन किया गया। जय बम भोले की गूंज से सिद्धपीठ का परिसर पूरी तरह से गुंजाएमान रहा। जनपद ही नहीं बल्कि गैर जनपदों से भी श्रद्धालुओं के आने जाने का तांता लगा रहा। महाशिवरात्रि के पर्व पर जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर के पीछे स्थित तालाब की भूमि पर मेले का आयोजन किया गया। जहां नन्हे–मुन्ने बच्चों व महिलाओं सहित युवक युवतियों ने जमकर आनंद लिया। मेले में आए श्रद्धालुओं ने जहां बच्चों के लिए खेल खिलौने खरीदे तो महिलाओं ने घरेलू सामान की खरीददारी की। मंदिर परिसर में भक्तों ने प्रसाद वितरण के स्टाल भी लगाए। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के मंगरे शाह गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो को घर भेज दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी रोशन लाल का 21 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार, हरि का 20 वर्षीय पुत्र गोलू और सुमेर का 18 वर्षीय पुत्र राज एक ही बाइक से किसी काम से निकले थे। जब उनकी बाइक हथगाम थाना क्षेत्र के मंगरेशाह गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को हथगाम सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने गोलू और राज को प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने की सलाह दी, जबकि मोहित कुमार की हालत गंभीर देखते हुए उसे सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने मोहित कुमार को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

# द्वितीय चरण का ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। नेहरू युवा संगठन टीसी के तत्वावधान में पंच परमेष्वर विद्यापीठ के सहयोग से द्वितीय चरण का एक दिवसीय ग्रामीण नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम नेहरू युवा संगठन टीसी के कार्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेहरू युवा संगठन टीसी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने प्रतिभागियों को बताया कि ग्रामीण युवाओं को तीन स्तर पर अपने को सक्षम बनने की आवश्यकता है ये तीन क्षेत्र हैं लोकतांत्रिक, सामुदायिक व आर्थिक प्रक्रिया। उन्होंने बताया कि सामाजिक क्षेत्र जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, बाल विवाह, बाल श्रम, सामाजिक सद्भाव, कला एवं लोक संस्:ति, जल एवं स्वच्छता आदि तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में गांव, समाज और पंचायत, पंचायत व्यवस्था का उद्भव और विकास, पंचायतों का विकास, ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, पंचायत की वार्ड समितियां,संविधान के 11 अनुसूची में उल्लेखित पंचायतों के 29 प्रकार के कार्यों व डिजाइन थिंकिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक सुमन लता आईडीएफ कानपुर ने प्रतिभागियों बताया कि नेतृत्व के मूल गुण समझदारी, ईमानदारी व सक्रियता पर विस्तृत चर्चा कर प्रतिभागियों की समझ विकसित किया। साथ ही आर्थिक प्रक्रियाओं के संचालन हेतु स्वयं सहायता समूह, फॉर्मर प्रोड्यूसर संघ को आधार बनाकर अपने कौशल, दक्षता, वित्तीय व्यवस्था आदि सु.ढ़ कर उद्यमिता स्थापित करना है, और सभी का अपना विजन होना चाहिए कि पांच वर्षों में मैं स्वयं, मेरा परिवार व अपने गांव को किस रूप में देखना चाहते हैं। समस्त प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र के आधार पर तीन ग्रुप में बांटकर उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसील खागा व सदर फतेहपुर के प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में सुधांशु द्विवेदी, आशुतोष कुमार, अनीता वर्मा ने सराहनीय योगदान दिया।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनगांव में पुरानी रंजिष को लेकर गांव के ही पिता–पुत्र समेत चार लोगों ने 22 वर्शीय युवक को लाठी–डण्डा व तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घायल के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर तहकीकात षुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सनगांव निवासी मो0 इस्लाम का पुत्र मो0 खैरूल अब्दुल अपनी आटा चक्की से घर वापस आ रहा था। जब वह कर्बला मैदान के पास पहुंचा वहां पहले से घात लगाए बैठे यूसुफ उर्फ रजी पुत्र सईद बूजी, मो0 हसन, सईद बूजी वं कामरान ने उसे घेरकर लाठी–डण्डा व तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बल्दीधाम कोढ़ई में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक व सुंदारकांड पाठ का आयोजन

## - मेधावी छात्राओं को बल्देवश्री सम्मान से किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महाशिवरात्रि पर्व पर बल्दीधाम कोढ़ई स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में गत वर्षों की भांति इस वर्श भी जलाभिषेक, रुद्राभिशेक, सुंदर कांड के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा–अर्चना व आल्हा गायन के साथ मेधावी छात्राओं को बल्देवश्री सम्मान से सम्मानित भी किया गया। ओमराज फाउंडेशन के तत्वाधान में बल्दीधाम कोढ़ई में महाशिवरात्रि के पर्व पर प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में ग्राम महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रातःकाल से ही जताभिशेक, रुद्रभिशेक हुआ। तत्पश्चात सुंदर कांड, हवन पूजन एवं कावारिया खिलाने के उपरांत दोपहर एक बजे से प्रसिद्ध आल्हा गायक नेहा सिंह द्वारा आल्हा गायन प्रारंभ किया गया। इस वर्श 2025 की 51 प्रतिभावान छात्राओं को बल्देवश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी साकेत मिश्रा, भाजपा प्रकोष्ठ विभाग प्रभारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव, बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, बीजेपी जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवासत्व, विभाग प्रचारक शिवशंकर, विभाग कार्यवाह ज्ञानेन्द्र सिंह, नरसिंह पटेल, जिला महामंत्री नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, सह विभाग संघचालक .ष्ण स्वरूप, जिला प्रचारक अरुण, विभाग संपर्क प्रमुख प्रदीप, बिंदकी सरस्वती विद्यामन्दिर प्रधानाचार्य बलराम सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा संतोष सिंह राजू, ब्लॉक प्रमुख हसवा विकास पासवान, जिलाध्यक्ष बीएमएस विष्णु वर्मा, एडीजीसी देवेंद्र भदौरिया द्वारा चेको का वितरण किया गया। कई ग्रामसभाओ (कोढ़ई, बितन्दपुर, रारा मंगतपुर, कांधी, कोराई एवं जखनी) की वर्ष 2025 की हाईस्कूल प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण छात्राओ को ओमराज फाउंडेशन की ओर से दानराशि की चेक दी गई। साथ ही विद्या कोचिंग के संचालक गुरमीत सिंह, आनंद मौर्य ने पांच छात्राओ को अपनी कोचिंग में एसएससी फ़ाउंडेशन बैच में एक वर्ष तक निःशुल्क तैयारी कराने का वचन दिया। फाउंडेशन के चेयरमैन एवं भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राजेंद्र सिंह रज्जू भइया ने कहा कि अपनी जन्मभूमि के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए छात्राओ को बल्देवश्री सम्मान से सम्मानित करके जो आशीर्वाद एवं ऊर्जा मिलती है वही मुझे फर्श से अर्श तक पहुंचाने की शक्ति प्रदान करती है।




स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अह्मद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अह्मद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )